राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्ष- 11, अंक- 67 पृष्ठ - 08, नई दिल्ली, मंगलवार ,07 सितम्बर 2021 , मूल्य रु. 1.50

## ओवल में 50 साल बाद टीम इंडिया की जीत

### ओवल टेस्ट फतह करके टीम इंडिया ने रचा इतिहास

**157** रन से भारत ने इंग्लैंड को हराया




▷ विराट ने कुछ यूं जताई खुशी




टीम इंडिया ने 1971 में आखिरी बार ओवल में टेस्ट मैच अपने नाम किया था। भारत ने इस टेस्ट सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है।

टीम इंडिया ओवल 1936-2018 में अब तक 13 टेस्ट मैच खेल चुकी है, जिसमें से 5 में उसे हार मिली है।

इस दौरान सात मुकाबले ड्रॉ रहे और एक मैच में जीत मिली। भारतीय टीम को यहां एक मात्र जीत 1971 में मिली थी। इस मुकाबले की दूसरी पारी में बीएस चंद्रशेखर ने 38 रन देकर 6 विकेट झटके थे। टीम इंडिया यह मैच 4 विकेट से जीती थी।

वर्तमान सीरीज से पहले भारतीय टीम इंग्लैंड से 2018 भिड़ी थी, तब उसे 118 रनों से मात मिली थी।

## ग्वालियर में तीन लोगों की निर्मम हत्या, घर में मिले पति, पत्नी और बेटी के शव



**ग्वालियर, (एजेंसी)।** शहर के मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत अल्पना टाकीज के पास भगत सिंह मार्केट के पीछे सोमवार सुबह एक घर में पति-पत्नी और उनकी बेटी के शव बरामद हुए हैं। एक साथ तीन शवों की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अमित सांघी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। फोरेसिंक एक्सपर्ट व डॉग स्क्वाड को भी बुलाया गया।

पुलिस के अनुसार, भगत सिंह मार्केट के पीछे जगदीश पाल अपनी पत्नी सरोज व10 वर्षीय बेटी कीर्ति के साथ रहते हैं। पिछले दो दिन से परिवार का कोई सदस्य घर के बाहर नहीं दिखा। ऐसे में जगदीश की पड़ोसी मालती सोमवार सुबह उनके घर में देखने गई कि आखिर परिवार के लोग कहां चले गए । पहुंचने पर उसने देखा कि जगदीश व उसकी पत्नी सरोज का शव पलंग पर पड़ा था, जबकि बेटी कीर्ति का शव पास में ही जमीन पर था। इसके बाद मालती ने मोहल्ले के अन्य लोगों को जानकारी देकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी दल-बल के साथ पहुंचे और तीनों शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस प्रथम दृष्ट्या इसे हत्या का केस मान रही है। पुलिस के अनुसार तीनों की हत्या गला घोंटकर की गई है। पड़ोसियों के मुताबिक जगदीश की तीन दुकानें थीं, जिनके किराए से ही घर का खर्च चलता था। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## प्रदेश में अब कुलपति कहलाएंगे कुलगुरु

**उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने चर्चा में दी जानकारी**

**इंदौर, (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों में प्रदेश सरकार कुलपति का पदनाम बदलकर कुलगुरु करने जा रही है। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने सोमवार को रेसीडेंसी में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। वे निजी कार्यक्रम में शिरकत करने इंदौर आए थे। कुलपतियों से भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई है।जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव रखा जाएगा। इस मसले पर राज्यपाल से भी चर्चा की जाएगी।

## त्यौहारों पर चल समारोह जुलूस रहेगा प्रतिबंधित

### विसर्जन में भी सिर्फ 10 लोग जा सकेंगे

**भोपाल ■**

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा भोपाल जिला प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में क्राइसिस मैनेजमेंट समिति की बैठक सोमवार को आयोजित की गई । बैठक में कोरोना संक्रमण के चलते आगामी त्यौहारों में चल समारोह और जुलूस नहीं निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि मूर्ति विसर्जन संबंधित आयोजन समिति द्वारा किया जाए। विसर्जन स्थल पर जाने के लिए अधिकतम 10 व्यक्तियों के समूह की अनुमति होगी। विसर्जन के लिए भी सामूहिक चल समारोह प्रतिबंधित रहेगा। (शेष-पेज 4 पर)

## खतरा अभी टला नहीं : शिवराज



**प्रदेशवासियों को संदेश**

**भोपाल, (प्रसं)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अनेक संकटों के दौर से गुजरने के बीच अब कोरोना की तीसरी लहर की आशंकाएं सामने आ रही हैं। श्री चौहान ने सोमवार को यहां वीडियो संदेश के माध्यम से प्रदेशवासियों से कहा कि यह संकट का समय है। पहले कोरोना, फिर बाढ़, फिर सूखा और अब कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाएं कई जगह से आती जा रही हैं। (शेष-पेज 4 पर)

## नीट यूजी परीक्षा 12 को ही होगी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी-2021 परीक्षा को पुनर्निर्धारित करने या स्थगित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश देने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। याचिका में नीट यूजी 2021 परीक्षा को स्थगित करने की मांग की गई थी, जो कि 12 सितंबर से शुरू होने वाली है।सोमवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस सीटी रविकुमार की की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि अदालत छात्रों के एक वर्ग की असुविधा का हवाला देते हुए परीक्षा कार्यक्रम में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है।

## प्रदेश में कोरोना के 11 नए मामले

**भोपाल, (एजेंसी)।** मप्र में सोमवार को कोरोना संक्रमण के 11 नए मामले सामने आए हैं। सोमवार को नौ केस जबलपुर जिले में दर्ज किए गए। दो केस भोपाल में दर्ज किए गए। सोमवार को 67,196 सैंपल की जांच की जांच की गई, इनमें से कुल 11 लोग कोरोना संक्रमित मिले। प्रदेश में इस महामारी से अब तक कुल 7,92,270 लोग संक्रमित हो चुके हैं, जिनमें से 7,81,629 लोग ठीक हो चुके है। जबकि इस महामारी से 10,516 लोगों की जान चली गई। राज्य में एक्टिव प्रकरणों की संख्या 125 है। आठ रोगी संक्रमण से मुक्त होकर घर गए।

## एक नजर

### हिंदू-मुसलमानों का वंश एक ही है: भागवत

**मुंबई ,(एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि हिंदू और मुस्लिम एक ही वंश के हैं और प्रत्येक भारतीय नागरिक एक 'हिंदू' है। पुणे स्थित ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पॉलिसी फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में श्री भागवत ने कहा कि 'समझदार' मुस्लिम नेताओं को कट्टरपंथियों के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू शब्द मातृभूमि, पूर्वजों और भारतीय संस्कृति के बराबर था। यह अन्य विचारों का अपमान नहीं है। हमें भारतीय प्रभुत्व हासिल करने के बारे में सोचना होगा, न कि मुस्लिम प्रभुत्व।

### सपा सांसद आजम खान को हाईकोर्ट से झटका

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** रामपुर से सपा सांसद मोहम्मद आजम खान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एडीएम वित्त के अतिरिक्त अधिग्रहण वापस लेने के आदेश को वैध करार दिया है। कोर्ट ने 12.50 एकड़ जमीन का अतिरिक्त अधिग्रहण वापस ले कर राज्य में निहित करने की कार्यवाही को वैध करार दिया है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यूपी सरकार को जमीन वापस लेने का अधिकार है। कोर्ट ने एसडीएम की रिपोर्ट व एडीएम के आदेश की वैधता को चुनौती देने वाली ट्रस्ट की याचिका भी खारिज कर दी।

### नीट आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को चिकित्सा पाठ्यक्रमों (मेडिकल और डेंटल कोर्स) के दाखिले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए 10 फीसद और ओबीसी) के लिए 27 फीसद कोटा लागू करने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता नील ऑरेलियो नून्स एवं अन्य की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील अरविंद पी. दातार ने पीठ के समक्ष कहा कि यह फैसला मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ है।

### समलैंगिक ने परिवार के चार लोगों की हत्या की

**रोहतक, (एजेंसी)।** हरियाणा के रोहतक में सामने आए विजय नगर चौहरे हत्याकांड में आरोपी कातिल अभिषेक ने ही अपने परिवार के चार लोगों की हत्या की थी। पुलिस की थ्योरी के मुताबिक अभिषेक समलैंगिक है और लिंग परिवर्तन कराने के लिए पिता से पैसों की मांग कर रहा था। हालांकि घरवालों ने जब पैसे नहीं दिए तो उसने मम्मी-पापा, बहन और नानी को मार डाला। फिलहाल पुलिस ये जांच कर रही है कि अभिषेक का समलैंगिक पार्टनर कार्तिक इन हत्याकांड में शामिल है या नहीं। हालांकि अभिषेक ने दावा किया है कि उसने अकेले ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया है।

## पंजशीर में तालिबान ने लहराया झंडा, सालेह तजाकिस्तान भागे

### फहीम दशती और नॉर्दन अलायंस के चीफ कमांडर की भी मौत

**काबुल ■ एजेंसी**

अफगानिस्तान में तालिबान को कड़ी टक्कर दे रहे पंजशीर प्रांत को भी आखिरकार हार का मुंह देखना पड़ा है। पंजशीर से जो ताजा तस्वीरें आ रही हैं, वह बताती हैं कि वहां तालिबान ने अपना कब्जा जमा लिया है। तालिबान ने खुद भी दावा किया है कि उसने पंजशीर को पूरी तरह से जीत लिया है।

कुछ तस्वीरें भी आई हैं, इसमें एक में पंजशीर में तालिबान का झंडा लगा हुआ है, वहीं दूसरी में तालिबानी पंजशीर गवर्नर ऑफिस के बाहर खड़े दिख रहे हैं। हालांकि, अफगान के उपराष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह के करीबी ने एक न्यूज चैनल से कहा है कि तालिबान का दावा झूठा है और रेजिस्टेंस फोर्स पहाड़ियों से पंजशीर का रक्षा कर रही है। दावा किया गया है कि पाकिस्तानी एयरफोर्स भी उनपर हमले कर रही है। वहीं, तालिबान की तरफ से एक दावा और किया गया है। कहा गया है कि उन्होंने रजिस्टेंस फोर्स (नॉर्दन अलायंस) के चीफ कमांडर सालेह मोहम्मद को भी मार दिया है।

रेजिस्टेंस फ्रंट के प्रवक्ता और घाटी में तालिबान से लोहा ले रहे अहमद मसूद के करीबी फहीम दश्ती की भी रविवार को मौत हो गई थी। यह जानकारी भी सामने आई थी कि अफगान उपराष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह पंजशीर से भाग निकले हैं और फिलहाल अज्ञात स्थान पर सुरक्षित हैं। वहीं असद महमूद पिछले तीन दिनों से ताजिकिस्तान में हैं। खबरों के मुताबिक पंजशीर पर पाक वायु सेना के ड्रोनों ने हमला किया, इससे अचानक से युद्ध की स्थिति बदल गई।



### काबुल में सरकार गठन की तैयारी, छह देशों को न्योता

**अफगानिस्तान** में तालिबान अब जल्द ही सत्ता संभालेगा। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तालिबान सरकार गठन के लिए बड़ा समारोह करने की तैयारी कर रहा है। इस समारोह में शामिल होने के लिए तालिबान ने छह देशों को न्योता भी भेजा है। ये छह देश हैं- **पाकिस्तान, तुर्की, कतर, रूस, चीन और ईरान।** तालिबान ने ये न्योता तब भेजा, जब अफगानिस्तान के आखिरी प्रांत पंजशीर को कब्जे में लेने का दावा किया। वहीं इलाके में मौजूद चश्मदीदों ने नाम उजागर ना करने की शर्त पर बताया कि हजारों तालिबान लड़ाकों ने रातों-रात पंजशीर के आठ जिलों पर कब्जा कर लिया। तालिबान की सरकार के गठन में पाक खुलकर दखलंदाजी कर रहा है। के पीछे भी यही वजह है, तालिबान और हक्कानी में बन नहीं रही है। पाकिस्तान किसी भी कीमत पर चाहता है कि अफगानिस्तान की नई सरकार में हक्कानी गुट मजबूत स्थिति में रहे।

### प्रधानमंत्री ने ली उच्चस्तरीय बैठक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री आवास पर तकरीबन दो घंटे अफगानिस्तान के हालात पर उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और आयुक्त सेना प्रमुख जनरल विपिन रावत ने हिस्सा लिया। सूत्रों में मुताबिक अफगानिस्तान के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई है। खासतौर पर तालिबान और पाकिस्तान स्थित तमाम आतंकी संगठनों की ओर से सम्भावित खतरों के मद्देनजर आंतरिक सुरक्षा के हालात पर बातचीत हुई। हाल ही में पाकिस्तान की तरफ़ से घुसपैठ की कोशिशों और सुरक्षा एजेंसियों की उच्चतम सतर्कता के चलते घुसपैठ को नाकाम कर दिया गया था। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आधुनिक हथियारों के साथ पाकिस्तानी आतंकी पाक अधिकृत कश्मीर में पहुंच रहे हैं। पाक सतत इन आतंकियों को कश्मीर में घुसपैठ कराने की फिराक में है।

## चंद्रयान-2 ने चंद्रमा के 9000 चक्कर पूरे किए, इसरो ने जारी किए आंकड़े

**बेंगलुरु ■ एजेंसी**



चंद्रयान-2 को दो साल पूरे होने के मौके पर इसरो ने सोमवार को चंद्र विज्ञान कार्यशाला आयोजित की। इसका उदघाटन इसरो के चेयरमैन के. सिवन ने किया।

उन्होंने बताया कि चंद्रयान-2 ने चंद्रमा के आसपास 9000 हजार से ज्यादा चक्कर पूरे कर लिये हैं। वह उसमें लगाए गए इमेजिंग व वैज्ञानिक उपकरणों के माध्यम से इसरो को उत्कृष्ट डाटा मुहैया करा रहा है। चंद्रयान-2 के आठ पेलोड चंद्रमा पर सुदूर संवेदी प्रौद्योगिकी के माध्यम से वैज्ञानिक प्रयोग कर रहे हैं। श्री सिवन ने कहा कि वैज्ञानिक आंकड़े शिक्षा जगत एवं संस्थानों के विश्लेषण के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि चंद्रयान-2 मिशन में और अधिक वैज्ञानिक साझेदारी हो सके। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद (इसरो) की दो दिनी कार्यशाला सोमवार से शुरू हुई।

चंद्रमा के कक्ष में चंद्रयान-2 को चक्कर लगाते हुए दो साल पूरे होने के अवसर पर इसका आयोजन किया गया है। अपने उदघाटन भाषण में के. सिवन ने कहा कि सोमवार तक चंद्रयान-2 ने नौ हजार से ज्यादा चक्कर पूरे कर लिए हैं। सिवन अंतरिक्ष विभाग के सचिव भी हैं। इसरो के बंगलूर स्थित मुख्यालय में उन्होंने चंद्रयान-2 से जुड़े डाटा प्रोडक्ट व विज्ञान दस्तावेज जारी किए। सिवन ने कहा कि अब तक के नतीजे काफी उत्साहवर्धक रहे हैं।

**यहां दिखाया जा रहा लाइव :** दो दिनी कार्यशाला को इसरो की वेबसाइट और फेसबुक पेज पर लाइव दिखाया जा रहा है। छात्र, शिक्षा जगत और संस्थानों तक यह पहुंच सकें और चंद्रयान-2 के डेटा का साइंटिस्ट विश्लेषण कर सके। इसके अलावा इस वर्कशॉप में चंद्रयान-2 मिशन, निगरानी, अभियान और डेटा संग्रहण के पहलुओं पर भी व्याख्यान होंगे।

**बधाई** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- पूरी पात्र आबादी को टीके का पहला डोज लगने का काम पूरा

## हिमाचल कोरोना से जंग में चैंपियन बनकर उभरा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीसी के जरिए हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मियों और कोविड टीकाकरण कार्यक्रम के लाभार्थियों संग संवाद करने के कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा- हिमाचल प्रदेश ने एक परिवार के सदस्य के नाते भी मुझे गर्व का अवसर दिया है। मैंने छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए संघर्ष करते हुए हिमाचल को भी देखा है और आज विकास की गाथा लिख रहे हिमाचल को भी देख रहा हूं। ये सब कुछ देवी देवताओं के आशीर्वाद से हिमाचल सरकार की कर्मकुशलता से और हिमाचल के जन जन की जागरूकता से संभव हो पाया है। 100 वर्ष की सबसे बड़ी महामारी के विरुद्ध जंग में हिमाचल प्रदेश, चैंपियन बनकर सामने आया है। हिमाचल भारत का पहला राज्य बना है, जिसने अपनी पूरी पात्र आबादी को कोरोना टीके की कम से कम एक डोज लगा ली है।



मप्र में वैक्सीनेशन 4 करोड़ पार - पेज 11

### कोविशील्ड डोज 4 हफ्ते में लगे : केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि, (एजेंसी)।** केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्र को निर्देश दिया है कि जो लोग शुरुआती प्रोटोकॉल के संदर्भ में जल्दी टीका लेना चाहते हैं, उनके लिए पहली खुराक से चार सप्ताह के बाद कोविशील्ड की दूसरी खुराक लेने की व्यवस्था करें।

**खास बातें**

- 24 घंटे में देश में 30,116 नए केस मिले
- 24 घंटे में मरीज हुए स्वस्थ 42,379
- 24 घंटे में मौतें - 290
- 11 दिन में तीसरी बार सोमवार को एक दिन में एक करोड़ पार वैक्सीनेशन

### केरल के कोझिकोड से सामने आया निपाह का एक और केस मिला

**कोझिकोड, (एजेंसी)।** केरल के कोझिकोड में सोमवार को निपाह वायरस का एक और मामला दर्ज किया गया। समाचार एजेंसी ने कोझिकोड के जिला कलेक्टर जीएस समीरन के हवाले से ये जानकारी दी है। इससे पहले रविवार को जहां राज्य के दो स्वास्थ्य कर्मियों में वायरस के लक्षण दिखाए दिए तो वहीं निपाह के कारण एक 12 साल के लड़के की मौत हो गई। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने पहले कहा था कि इस बात की संभावना है कि निपाह से मृतक 12 साल का बच्चा बड़ी संख्या में लोगों के संपर्क में आया हो। साथ ही ये भी कहा कि सात हाई रिस्क वाले संपर्कों के नमूने परीक्षण के लिए पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए हैं। रविवार को 188 संपर्कों का पता लगाया गया है।

## सीबीआई ने हावड़ा से छह लोगों को हिरासत में लिया

**कोलकाता ■ एजेंसी**

सीबीआई ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामलों में सोमवार को छह लोगों को हिरासत में लिया है। सभी पर कई आपराधिक मामलों में कथित संलिप्तता के आरोप हैं।

सूत्रों के अनुसार, सीबीआई अधिकारियों की एक टीम ने सुबह हावड़ा जिले का दौरा किया और उन सभी छह को डोमजूर इलाके से हिरासत में लिया। केंद्रीय एजेंसी ने अब तक नदिया में दो और उत्तर 24 परगना में चुनाव बाद हिंसा के मामलों में 34 प्राथमिकी दर्ज की हैं और तीन गिरफ्तारियां की हैं। इससे पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की मामले में तैयार रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए चुनाव के बाद कथित दुष्कर्म और हत्या की घटनाओं की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने आदेश देते हुए कहा था कि सीबीआई अदालत की निगरानी में ही जांच करेगी। हाईकोर्ट ने कहा था कि हत्या और दुष्कर्म के मामलों की जांच सीबीआई करेगी, वहीं अन्य मामलों की जांच एसआईटी करेगी।

**पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा मामला**

## सार समाचार

### अमेरिका में तूफान इडा का कहर, भारतीय मूल के दो व्यक्तियों की तलाश में जुटी टीम

न्यूयॉर्क। न्यू जर्सी में प्राधिकारी तूफान इडा के कारण आयी भीषण बाढ़ में लापता भारतीय मूल के दो व्यक्तियों की तलाश ड्रोन और नौकाओं की मदद से कर रहे हैं। इस तूफान में अमेरिका में 40 से अधिक लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तूफान इडा 29 अगस्त को पोर्ट फोरचॉन, लुइसियाना से टकराया था। यह तूफान 2005 में आये तूफान कैटरीना के बाद दक्षिणपूर्वी प्रांत में आने वाला दूसरा सबसे विनाशकारी तूफान है। नॉर्थजर्सी डॉट कॉम की एक खबर में कहा गया है कि निधि राणा (18) और आयुष राणा (21) को ''बुधवार शाम को आखिरी बार देखा गया था जब आयुष की कार बाढ़ के पानी में फंस गई थी।'' दोनों की तलाश रविवार को जारी रही और पैसैक दमकलकर्मियों ने पैसैक नदी में दोनों की खोज जारी रखी। खबर में पैसैक दमकल विभाग के प्रमुख पैट ट्रेंटाकोस्ट के हवाले से कहा गया है, ''हम अभी पानी में दो नावों और प्रांतीय पुलिस से संचालित तीन ड्रोन के साथ काम कर रहे हैं।'

### पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में चार लोगों की मौत, 20 घायल

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के एक आतंकवादी के आत्मघाती हमले में सुरक्षा बल के कम से कम चार जवानों की मौत हो गई और 20 अन्य जख्मी हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। क्वेटा पुलिस के उप महानिरीक्षक अजहर अकरम ने कहा कि हमलावर ने क्वेटा में मस्तुंग मार्ग पर फ्रंटियर कोर की चौकी को निशाना बनाया। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि आत्मघाती हमलावर विस्फोटक से लदी बाइक पर सवार था और उसने अपनी बाइक को फ्रंटियर कोर के जवानों को ले जा रही गाड़ी में भिड़ा दिया।

### तालिबान के अधिग्रहण पर पाकिस्तानी खुश, सरकार सतर्क

इस्लामाबाद। अमेरिका समर्थित नाटो बलों की वापसी और तालिबान के हाथों में अफगानिस्तान का नियंत्रण आने के बाद विभिन्न वैश्विक शक्तियों और दिग्गजों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखी गई हैं, क्योंकि वे तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार की स्थापना को मान्यता देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह सीमित या कोई अन्य विकल्प के साथ आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका प्रतीत होता है। काबुल के पतन और अफगान तालिबान द्वारा अधिग्रहण पर एक तरफ अन्य देशों से बेचैनी की प्रतिक्रिया देखी गई है, जो अभी भी अशरफ गनी सरकार और अफगान बलों के चौंकाने वाले पतन को समझने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्होंने सचमुच बहुत जल्दी तालिबान के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और उनके हाथों में अफगानिस्तान का नियंत्रण सौंप दिया। इसके बाद से भ्रमित और अनिश्चित चिंतन हर कहीं जारी है, मगर अफगानिस्तान में हालिया घटनाक्रम को लेकर ऐसा लगता है कि यह पाकिस्तान में एक स्वागत योग्य समाचार के रूप में आया है। कई पाकिस्तानी काबुल के पतन का जश्न मना रहे हैं और इस पर उनका कहना है कि पाकिस्तान को अस्थिर करने के लिए कथित भारतीय प्रयासों की हार हुई है, इसलिए वह खुश हैं। ऐसा ही आख्यान पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार के कई मंत्रियों द्वारा साझा और प्रतिध्वनित होता प्रतीत होता है, जो काबुल के पतन को भारतीय प्रभाव की हार और इसके खुफिया स्तर के निवेश से जोड़ते हैं।

### तालिबान के टेकओवर के बाद पाक-अफगान तोरखम सीमा पर तेज हुआ व्यापार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान-अफगानिस्तान तोरखम सीमा, दोनों देशों के बीच मुख्य व्यापार मार्ग, जो अन्य देशों के लिए पारगमन व्यापार मार्ग के रूप में भी काम करता है, तालिबान के नियंत्रण में आने के बाद से व्यापारिक गतिविधियों में एक बड़ा उछाल देखा गया है। सीमा पर व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है और अब सैकड़ों ट्रक व्यापारिक उद्देश्यों के लिए दैनिक आधार पर सीमा पार कर रहे हैं। इस संबंध में एक ट्रक चालक गुल आगा से बातचीत की गई, जिनकी दैनिक दिनचर्या में अफगानिस्तान से पाकिस्तान में टमाटर, सब्जियां, फल और अन्य आपूर्ति ले जाना है। उन्होंने कहा, तालिबान के सीमा पर नियंत्रण करने से पहले, हमारे पास कई मुद्दे थे। हमें बॉर्डर पार करने के लिए क्लीयरेंस प्राप्त करने के लिए आपूर्ति के भरे हुए ट्रकों के साथ घंटों इंतजार करना पड़ता था। हमें सीमा पार करने के लिए अफगान सुरक्षा बलों को रिश्वत के रूप में 16,000 रुपये देने पड़ते थे और फिर तोरखम से मजार-ए-शरीफ तक हर चेक पोस्ट पर और भी रिश्वत देनी पड़ती थी। गुल ने कहा, लेकिन अब वहां तालिबान हैं और हमें मंजूरी के लिए कई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है और न ही हमें कोई पैसा देना है। वे हमें सीमा पर एक कागज का टुकड़ा देते हैं और यह अफगानिस्तान में मजार-ए-शरीफ तक स्वतंत्र रूप से घूमने की हमारी कानूनी अनुमति है। एक अन्य व्यापारी ने कहा कि जब से तालिबान ने सीमाओं पर नियंत्रण किया है, तब से व्यापार दोगुना हो गया है।

### लीबिया ने दिवंगत नेता गद्दाफी के बेटे को रिहा किया

त्रिपोली। लीबिया के अधिकारियों ने देश के दिवंगत नेता मुअम्मर गद्दाफी के बेटे सादी गद्दाफी को रिहा कर दिया है। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि सादी पर 2005 में एक फुटबॉल खिलाड़ी और लीबिया की राष्ट्रीय टीम के कोच की हत्या में कथित संलिप्तता के आरोप में मुकदमा चल रहा था। उस अब रिहा कर दिया गया है। उन्हें अप्रैल 2018 में इस मामले में बरी कर दिया गया था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 27 वर्षीय सादी अपनी रिहाई के तुरंत बाद तुर्की के लिए रवाना हो गए, और अपने परिवार के कुछ सदस्यों के साथ मिस्र जाने की योजना बना रहे है। लीबिया में 2011 के विद्रोह के दौरान, सादी नाइजर भाग गया था, लेकिन उसने तीन साल बाद प्रत्यर्पित किया गया और तब से त्रिपोली में कैद था। लीबिया के अधिकारियों के अनुसार, नाइजर ने पहले उसे मानवीय कारणों के लिए शरण दी, लेकिन 2014 में सादी को लीबिया को सौंप दिया।

# पंजशीर में तालिबान के कब्जे पर भड़का ईरान, पाकिस्तान को भी दी कड़ी चेतावनी

**तेहरान। (एजेंसी)।**

पंजशीर में खूनी संघर्ष को लेकर तालिबानी आतंकी बुरी तरह से घिरते नजर आ रहे हैं। दरअसल, तालिबान की ओर से यह दावा किया गया है कि उसने पंजशीर पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। हालांकि जब से अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा हुआ है पंजशीर में लगातार खूनी संघर्ष जारी है। इसी को लेकर अब अफगानिस्तान का पड़ोसी देश ईरान ने तालिबान को सख्त चेतावनी दे दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने तालिबान को चेतावनी देते हुए साफ तौर पर कहा कि अब लक्ष्मण रेखा को पार न करें। इतना ही नहीं, ईरान ने कहा है कि वह पंजशीर को लेकर पाकिस्तान के हस्तक्षेप की भी लगातार जांच करने की कोशिश कर रहा है। ईरान ने साफ तौर पर कह दिया है कि पंजशीर के कमांडरों की शहादत बहुत ही निराशाजनक है और ईरान इन हमलों की कड़ी शब्दों में निंदा करता है। ईरान ने यह भी कहा कि बातचीत से ही अफगानिस्तान की समस्या का हल निकाला जा सकता है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सैयद खतीब जाहेद ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सभी लक्ष्मण रेखा को पार ना करें और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत जिम्मेदारियों को आवश्यक रूप से माना जाना चाहिए। ईरान ने साफ तौर पर कहा कि अफगानिस्तान में घटने वाली तमाम घटनाक्रम पर उसकी पैनी नजर है। आपको बता दें कि ईरान ने यह चेतावनी ऐसे समय में दी है जब पाकिस्तान पर पंजशीर में तालिबान को जीत दिलाने में हवाई मदद के आरोप लग रहे हैं।

**तालिबान ने पंजशीर पर नियंत्रण का किया दावा**

तालिबान ने अपने विरोधियों के नियंत्रण वाले अफगानिस्तान के आखिरी प्रांत पंजशीर को नियंत्रण में लेने का दावा किया है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान जारी कर कहा कि पंजशीर अब तालिबान लड़ाकों के नियंत्रण में है। इलाके में मौजूद चश्मदीदों ने नाम उजागर ना करने की शर्त पर बताया कि हजारों तालिबान लड़ाकों ने रातों-रात पंजशीर के आठ जिलों पर कब्जा कर लिया। तालिबान विरोधी लड़ाकों का नेतृत्व पूर्व उपराष्ट्रपति अमरूल्ला सालेह एवं तालिबान विरोधी अहमद शाह मसूद के बेटे अहमद मसूद ने किया था। अहमद शाह मसूद अमेरिका में 9/11 के हमलों से कुछ दिन पहले मारे गए थे।



## सांसदों के लिए जारी किया गया ड्रेस कोड, अब जींस, टीशर्ट पहनकर नहीं आ सकेंगे एमपी



**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।**

ब्रिटेन के सांसदों के लिए एक ड्रेस कोड लागू किया गया है जिसके तहत अब सभी सांसदो को जींस, स्पोर्ट्स वियर, टीशर्ट या स्लीवलेस टॉप जैसे कपड़े पहनकर आना सख्त मना है। इसके अलावा सांसदो को ताली बजाने में भी रोक लगा दी गई है। जानकारी के लिए बता दें कि, ब्रिटेन में गर्मी की छुट्टियां होने वाली है जिसके बाद सोमवार से सदन की कार्यवाही शुरू हो रही है। इसी को देखते हुए संसद में सांसदो के लिए एक नया ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। संसद की स्पीकर सर लिंडसे हॉयल ने हाउस ऑफ कॉमन्स में व्यवहार और शिष्टाचार के नियम को बनाए रखने के लिए सांसदो के लिए यह नियम अपडेट किए हैं।

बताया जा रहा है कि, कोविड-19 लॉकडाउन के कारण सांसदो को यह ढील दी गई थी लेकिन अब सांसदों को ड्रेस कोड के साथ ही सदन में ताली बजाने की इजाजत नहीं दी गई है। बता दें कि, सांसदो से प्रोफेशनल ऑउटफिट पहनने को भी कहा गया है। साथ ही जीन्स, चिनोस और स्पोर्ट्सवियर नहीं पहनने की सलाह दी है। स्पीकर के मुताबिक, टी-शर्ट और स्लीवलेस टॉप एक व्यावसायिक पोशक में नहीं आता है। वहीं, सांसदो को कैजुअल शूज के अलावा जूते पहनने के साथ ही टाई और जैकेट पहनने की सलाह दी है। ससंद का समय बर्बाद न हो इसके लिए सांसद को ताली बजाने से रोक लगा दी है। इसके अलावा संसद में गीत-भजन कीर्तन करने की भी अनुमति नहीं दी गई है।

## तालिबान ने 6 देशों को दिया सरकार गठन समारोह का निमंत्रण, पाकिस्तान को मिल रहा ज्यादा महत्व

**काबुल (एजेंसी)।**

अफगानिस्तान पर पूरी तरह से तालिबान ने कब्जा करने के बाद सरकार गठन की तैयारियां शुरू कर दी थीं। लेकिन पंजशीर प्रांत की वजह से लगातार देरी हो रही है। कहा जा रहा है कि तालिबान के लिए पहले पंजशीर जीतना जरूरी है क्योंकि ठंड में घाटी को जीतना तालिबान के लिए लगभग नामुमकिन हो जाएगा। इसी बीच तालिबान के प्रवक्ता ने जबीउल्लाह मुजाहिद ने आखिरी किले को भी जीतने का दावा कर दिया है।

**कब होगा सरकार का गठन ?**

अफगानिस्तान के राष्ट्रपति भवन में सरकार गठन की तैयारियां लगातार चल रही हैं। नए झंडे तैयार किए जा रहे हैं। शनिवार को पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल भी काबुल पहुंचा था। इसमें पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद भी मौजूद थे। जिन्होंने %काबुल के कसाई% से मुलाकात की। दरअसल, अफगान प्रधानमंत्री गुलबुद्दीन हिकमतयार काबुल के कसाई के नाम से बदनाम हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कतर स्थित तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के अध्यक्ष मुल्ला अब्दुल गनी बरादर तालिबानी सरकार के प्रमुख हो सकते हैं। हालांकि सरकार गठन के ऐलान के वक्त ही इससे पर्दा उठेगा। पंजशीर पर कब्जा करने का दावा करने वाले कट्टरपंथी इस्लामी संगठन द्वारा अब जल्द ही सरकार के गठन का ऐलान किया जा सकता है।

**तालिबान ने किसे दिया निमंत्रण?**

तालिबान ने सरकार गठन समारोह का निमंत्रण पाकिस्तान, कतर, तुर्की, चीन, ईरान और रूस को दिया है। जिसके बाद अब एक-दो दिन के भीतर ही गठन की संभावना जताई जा रही है। आपको बता दें कि पंजशीर में हमला करने के लिए तालिबान को पाकिस्तान समेत कई आतंकवादी संगठनों का समर्थन प्राप्त था। कई अफगान रिपोर्टों में पाकिस्तानी सैनिकों के शामिल होने की आशंका भी जताई जा रही है। इसके साथ ही हवाई हमले की भी बात कही गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पंजशीर घाटी पर पाकिस्तानी सेना की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। हाल ही में पाकिस्तानी वायु सेना का फाइटर जेट भी देखा गया है। वहीं आईएसआई चीफ भी सरकार गठन में तालिबान की मदद कर रहे हैं।

## पूर्व तानाशाह शासक रहे कर्नल मुअम्मर अल गद्दाफी का बेटे अल-सादी गद्दाफी रिहा

**काहिरा। (एजेंसी)।**

लीबिया के अधिकारियों ने रविवार को पूर्व तानाशाह कर्नल मुअम्मर अल गद्दाफी के बेटे अल-सादी गद्दाफी को रिहा कर दिया। वह पड़ोसी देश नाइजर से प्रत्यर्पण के बाद त्रिपोली की एक जेल में सात साल से अधिक समय से कैद थे। मनोनीत प्रधानमंत्री अब्दुल हमीद दबीबेह ने सोमवार तड़के ट्वीट किया कि अदालत के आदेश पर अमल करते हुए अल-सादी गद्दाफी को रिहा कर दिया गया है। सरकारी प्रवक्ता मोहम्मद हमाउदा ने बताया कि अल-सदी को त्रिपोली



की अल-हदबा जेल से रिहा किया गया।

स्थानीय समाचार वेबसाइट 'अल-मर्सद' की खबर के अनुसार, अल-सादी गद्दाफी उनके खिलाफ लगे आरोपों से बरी किए जाने के बाद रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद वह तुर्की रवाना हो गए। गौरतलब है कि 2011 के विद्रोह के समय, अल-सादी गद्दाफी ने एक विशेष बल ब्रिगेड का नेतृत्व किया था, जिसने प्रदर्शनकारियों तथा विद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई की। 2011 में रेगिस्तान के रास्ते वह नाइजर चले गए थे, जब उनके पिता का शासन चरमरा रहा था। 2014 में उन्हें और उनके साथियों को नाइजर ने प्रत्यर्पित किया था। देश वापसी के बाद, उन्हें 2011 के विद्रोह के दौरान अपहरण तथा बलात्कार, अपने पद के दुरुपयोग और अल-रियानी की हत्या के आरोपों का सामना करना पड़ा था। पूर्व तानाशाह गद्दाफी के आठ बच्चे हैं।

## अमेरिकी अध्ययन के मुताबिक फाइजर की खुराक लेने के छह महीने में एंटीबॉडी कम हुए

**वाशिंगटन (एजेंसी)।**



फाइजर टीके द्वारा बनी कोविड-19 एंटीबॉडी नर्सिंग होम के वरिष्ठ निवासियों और उनकी देखभाल करने वालों में दूसरी खुराक प्राप्त करने के छह महीने बाद 80 प्रतिशत से अधिक कम हो गई। यह बात अमेरिकी अध्ययन में सामने आयी है। अमेरिका में केस वेस्टर्न रिजर्व यूनिवर्सिटी और ब्राउन यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में नर्सिंग होम के 120 निवासियों और 92 स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के रक्त के नमूनों का अध्ययन किया गया।

अध्ययनकर्ताओं ने विशेष रूप से ह्यूमोरलर इम्युनिटी को देखा जिसे एंटीबॉडी-मध्यस्थता प्रतिरक्षा भी कहा जाता है ताकि सार्स-सीओवी-2 वायरस के खिलाफ शरीर की सुरक्षा को मापा जा सके जिससे कोविड-19 होता है। अध्ययन अभी प्रकाशित नहीं हुआ है और इसे प्रीप्रिंट सर्वर 'मेडआर्काइव' पर पोस्ट किया गया है। अध्ययन के अनुसार इससे पता चला कि छह महीने के बाद व्यक्तियों के एंटीबॉडी का स्तर 80 प्रतिशत से अधिक कम हो गया। अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, 76 वर्ष की औसत आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों और 48 वर्ष की औसत आयु वाले देखभाल करने वालों में परिणाम समान थे।

केस वेस्टर्न रिजर्व यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डेविड कैनेडे ने कहा कि टीकाकरण के छह महीने बाद, इन नर्सिंग होम के 70 प्रतिशत निवासियों के रक्त में ''प्रयोगशाला प्रयोगों में कोरोना वायरस संक्रमण को बेअसर करने की क्षमता बहुत कम थी।'' कैनेडे ने कहा कि परिणाम रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की बूस्टर खुराक लेने की सिफारिश का समर्थन करते हैं, विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए।

## पाकिस्तान के फिदायिनों के दम पर तालिबान ने जीती जंग, पीएएफ का भी मिला था सहारा


**काबुल। (एजेंसी)।**

अफगानिस्तान पर अब पूरी तरह से तालिबान का कब्जा है। इसी बीच एक बड़ा खुलासा हुआ है। बता दें कि पाकिस्तान की लाल मस्जिद के 1,000 फिदायिनों ने तालिबान के लिए जंग लड़ी है। इस बात का खुलासा तो बहुत पहले ही हो गया था कि पाकिस्तान सरेआम तालिबान का मदद कर रहा है। वहीं पंजशीर में पाकिस्तानी वायुसेना के लड़ाकू विमान आसमान में देखे गए हैं।

1000 फिदायिनों ने लिखी स्क्रिप्ट

इसी बीच पाकिस्तान के इस्लामाबाद में स्थित लाल मस्जिद के एक मौलाना अब्दुल अजीज ने चौंका देने वाले दावे किए हैं। मौलाना ने बताया कि अफगानिस्तान में तालिबान की जीत के पीछे लाल मस्जिद के 1,000 फिदायिन हैं। आपको बता दें कि लाल मस्जिद के साथ अलकायदा, आईएसआईएस जैसे कई सारे आतंकी संगठनों के साथ रिश्ते रहे हैं।

हिन्दी समाचार चैनल 'टीवी9 भारतवर्ष' के मुताबिक मौलाना ने कहा कि दुनिया में हजारों-लाखों फिदायिन हैं, जो कभी भी किसी भी मुल्क को दहला सकते हैं। मौलाना ने कहा कि अफगानिस्तान में पसरे हुए मातम के पीछे लाल मस्जिद के फिदायिनों का हाथ हैं। मौलाना के मुताबिक लाल मस्जिद के



1000 फिदायिन अफगानिस्तान पहुंचे, जिन्होंने पूरा नक्शा ही बदलकर रख दिया।

कई मौकों पर सारी दुनिया ने देखा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों का गढ़ रहा है और भारत ने भी यह साबित किया है।

**अलकायदा के आंतकी भी शामिल**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पंजशीर में जारी खूनी संग्राम में तालिबान के साथ अलकायदा और पाकिस्तान सेना के जवान भी शामिल हैं। इसके अलावा पंजशीर घाटी में पाकिस्तानी वायुसेना के लड़ाकू विमान भी देखे गए हैं।

## पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी में सेना का तख्तापलट, राष्ट्रपति अल्फा कोंडे को हिरासत में लिया

**कोनाक्री (गिनी)। (एजेंसी)।**

पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी में बागी सैनिकों ने रविवार को राष्ट्रपति भवन के पास भारी गोलीबारी के कुछ घंटों बाद राष्ट्रपति अल्फा कोंडे को हिरासत में ले लिया और फिर सरकारी टेलीविजन पर सरकार को भंग करने की घोषणा की। सेना के कर्नल ममादी डोंबोया ने सरकारी टेलीविजन के जरिए घोषणा की कि देश की सीमाओं को बंद कर दिया गया है और इसके संविधान को अवैध घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''देश को बचाना सैनिक का कर्तव्य है। हम अब राजनीति एक आदमी को नहीं सौंपेंगे, हम इसे लोगों को सौंपेंगे।'' अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सेना के भीतर डोंबोया को कितना समर्थन हासिल है या फिर बीते एक दशक से भी अधिक समय से राष्ट्रपति के वफादार रहे अन्य सैनिक नियंत्रण अपने हाथों में लेने का प्रयास करेंगे या नहीं।

गिनी की सेना 'जुंटा' ने सोमवार को एक कार्यक्रम में घोषणा की कि गिनी के सभी गवर्नर की जगह स्थानीय कमांडर लेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी तरह का इनकार देश के नए सैन्य नेताओं के खिलाफ विद्रोह माना जाएगा। पश्चिम अफ्रीका के क्षेत्रीय गुट 'ईसीओडब्ल्यूएएस' ने घटनाक्रम की निंदा की और कहा कि कोंडे को तुरंत नहीं छोड़ा गया तो देश पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ट्वीट किया कि वह बंदूक के बल पर सरकार को अपदस्थ कर सत्ता हासिल करने की कड़ी निंदा करते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने चेतावनी दी कि हिंसा को अंजाम न दिया जाए और गिनी के अधिकारियों से कहा कि संविधान से इतर उनकी गतिविधियों से गिनी के लिए शांति, स्थिरता एवं समृद्धि की संभावनाएं खत्म होंगी। मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक वक्तव्य में कहा कि जुंटा की हरकतों से अमेरिका और गिनी के अन्य अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों की उसे समर्थन देने की क्षमता सीमित हो जाएगी। भीषण लड़ाई के बाद रविवार को कई घंटों तक 83 वर्षीय कोंडे का कुछ पता नहीं चला। फिर एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह सेना की हिरासत में दिख रहे हैं।

बाद में जुंटा ने एक बयान जारी करके कहा कि कोंडे अपने चिकित्सकों से संपर्क में हैं, लेकिन यह नहीं बताया कि उन्हें कब छोड़ा जाएगा। बीते एक दशक से भी अधिक समय से सत्ता में काबिज कोंडे के तीसरे कार्यकाल की पिछले कुछ समय से काफी आलोचना हो रही थी। वहीं, कोंडे का कहना था कि उनके मामले में संवैधानिक अवधि की सीमाएं लागू नहीं होतीं। रविवार के घटनाक्रम से पता चलता है कि सेना के भीतर भी किस हद तक असंतोष पनप गया था। सेना की विशेष बल इकाई के कमांडर डोंबोया ने अन्य सैनिकों से ''स्वयं को जनता के पक्ष में रखने'' का आह्वान किया।देश को 1958 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद आर्थिक प्रगति के अभाव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, ''हमें जागना होगा।'' कोंडे वर्ष 2010 में सबसे पहले राष्ट्रपति चुने गए थे जो 1958 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद देश में पहला



लोकतांत्रिक चुनाव था। कई लोगों ने उनके राष्ट्रपति बनने को देश के लिए एक नयी शुरुआत के तौर पर देखा था, लेकिन बाद में उनके शासन पर भ्रष्टाचार, निरंकुशता के आरोप लगे।

### सरकारी स्कूलों में आज लॉन्च किया जाएगा बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम

# राजधानी में 3.5 लाख छात्रों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, प्रफुल्ल राय(शिवालिक)।**

केजरीवाल सरकार छात्रों में उद्यमी बनने के गुण विकसित करेगी। सरकारी स्कूलों में मंगलवार को एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम के तहत बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम लॉन्च किया जाएगा। केजरीवाल सरकार के स्कूलों में 11वीं-12वीं के हर बच्चे को 2 हजार रुपए सीड मनी दी जाएगी। दिल्ली में करीब 3.5 लाख छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। पायलट फेज में बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम काफी सफल रहा है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में टैलेंट की कोई कमी नहीं है।

केवल राह दिखाने मात्र से वे एक सफल एंटरप्रेन्योर बन सकते हैं। सिसोदिया ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी की जो समस्या है उसका एकमात्र उपाय एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम है। दिल्ली के बच्चे एंट्रेप्रेंयूरिअल माइंडसेट के साथ अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जॉब सीकर के बजाय जॉब प्रोवाइडर बनकर इस समस्या को दूर करेंगे। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने 2019 में दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में कक्षा एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम की शुरुआत की थी। इसके पीछे मकसद था कि स्कूलों और कॉलेजों से पढ़ाई पूरी करने के बाद



**दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में टैलेंट की कोई कमी नहीं : मनीष सिसोदिया**

छात्र इस मानसिकता से बाहर निकले कि उन्हें जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब प्रोवाइडर बनना है।

देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देना है। यदि वे जॉब करने जाएं तो उनमे इतनी योग्यता हो की उन्हें नौकरी की लाइन में न लगना पड़े बल्कि नौकरी उनके पास आए। इसके बाद पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खिचड़ीपुर में बिजनेस ब्लास्टरर्स प्रोग्राम शुरू हुआ। इसका मकसद बच्चों में ये विश्वास जगाना था कि वे जो भी काम करे एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट के साथ करें। इसमें 41 बच्चों के 9 ग्रुप बने और हर बच्चे को 1-1 हजार रुपए की सीड मनी दी गई और इन बच्चों ने जमकर मुनाफा कमाया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में लोग बेरोजगारी का समाधान राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर खोजते हैं कि ज्यादा से ज्यादा नौकरियां उपलब्ध करवाई जाएं।

लेकिन मेरा मानना है कि यदि सभी जॉब सीकर के रूप में निकलेंगे तो जॉब प्रोवाइडर कौन बनेगा। ईएमसी बेरोजगारी की इस समस्या का समाधान बनेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के द्वारा ये सन्देश पूरे देश में जाएगा कि बेरोजगारी को खत्म करने व अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने का समाधान केवल ईएमसी है। जिसे पूरे देश के सभी स्कूलों में अपनाने की जरूरत है।

एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ईएमसी का सबसे महत्वपूर्ण कॉम्पोनेन्ट सीड मनी प्रोजेक्ट है।

### ईएमसी से दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में आएगा क्रांतिकारी बदलाव : सिसोदिया

सिसोदिया ने कहा कि ईएमसी से दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में एक क्रन्तिकारी बदलाव आएगा। हम अपने स्कूलों-कॉलेजों में बच्चों को डिग्री तो दे रहे हैं लेकिन उनमे एंट्रेप्रेंयूरिअल माइंडसेट नहीं विकसित कर रहे है। उन्होंने साझा किया कि स्कूलों के विजिट के दौरान वे जब बच्चों से उनके भविष्य के लिए पूछते है तो 99 फीसदी बच्चे बोलते हैं की वे पढ़ाई के बाद जॉब करना चाहते हैं। अब सवाल ये उठता है की यदि सभी जॉब सीकर बनेंगे तो जॉब प्रोवाइडर कौन बनेगा। ईएमसी इस सवाल के जबाव के रूप में है। इससे बच्चों में कॉन्फिडेंस आएगा और वे जॉब प्रोवाइडर बनकर देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान देंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद बच्चों ने अपने अनुभव भी साझा किए। एक छात्र ने कहा कि हमें इस प्रोजेक्ट से ये सीखने को मिला कि असफल होने का तब तक कोई खास मतलब नहीं है जब तक कि आप हार नहीं मान जाते हैं। अगर आप अपने धुन में लगे रहते हैं तो असफलता से सिर्फ सीखते हैं। एक वक्त आता है जब आप सफल बनकर निकलते हैं।

# अवैध पार्किंग को वैध करने की संभावना पर करेंगे विचार : अग्रवाल

### महापौर ने दौरा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर **(एजेंसी)।** पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने सोमवार को वार्ड संख्या-4 अशोक नगर वार्ड का दौरा किया। इस दौरे में उनके साथ स्थानीय पार्षद रजनी पांडे के साथ वरिष्ठ निगम अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने महापौर को बताया कि क्षेत्र में एक अवैध पार्किंग चल रही है। उन्होंने महापौर को सुझाव दिया कि चूंकि क्षेत्र में पार्किंग की समस्या है इसलिए इस अवैध पार्किंग को वैद्य कर दिया जाए। इसके द्वारा पूर्वी निगम को कुछ आय प्राप्त हो सकेगी। महापौर, श्याम सुन्दर अग्रवाल ने उन्हें आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में बात करके पार्किंग को वैध करने की संभावना पर विचार करेंगे। क्षेत्र का दौरा करते समय महापौर ने स्थानीय लोगों से भी बात की। लोगों ने महापौर को बताया कि क्षेत्र में डीडीए की खाली जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। लोगों ने महापौर से निवेदन किया कि यहां से अवैध कब्जा हटवाकर पार्क विकसित किया जाये क्योंकि क्षेत्र में बच्चों के खेलने के लिए एक भी पार्क नहीं है। महापौर, श्री अग्रवाल ने लोगों को आश्वासन दिया कि इस संबंध में डीडीए के उपाध्यक्ष से बात कर सकारात्मक परिणाम के लिए प्रयत्न करेंगे। महापौर ने बताया कि अशोक नगर कॉलोनी अनाधिकृत कॉलोनी है जिसे पी.एम उदय योजना के तहत नियमित किया जा चुका है।



स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए मकानों की रजिस्ट्री के लिए डीडीए द्वारा जगह जगह कैम्प लगाये गये हैं। महापौर ने लोगों से अपील कर कहा कि वे इस योजना का लाभ उठाए और अपने मकानों की रजिस्ट्री करवाए।

## संक्षिप्त समाचार

### राबिया को जल्द मिले न्याय : जमाअत

**नई दिल्ली।** जमाअत इस्लामी हिंद के महिला विभाग की सचिव रहमतुन्निसा ने सबिया सैफी के लिए त्वरित न्याय और उनके परिजनों को अनुग्रह राशि भुगतान की मांग की है। मीडिया को दिए एक बयान में जमाअत सचिव ने कहा की हम साबिया सैफी के कथित बलात्कार से बेहद स्तब्ध हैं। हम दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके परिवार के सदस्यों को अनुग्रह राशि देने की मांग करते हैं। न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक परिजन जांच के तरीकों और गति से संतुष्ट नहीं हैं जिसे सत्यापित किया जाना चाहिए। यह एक दुखद वास्तविकता है कि बेटी बचाओ के बारे में इतनी बयानबाजी के बावजूद, हमने अभी भी ऐसा माहौल नहीं बनाया है जिसमें हमारी लड़कियां और महिलाएं अपने कार्यस्थल और बाहर सुरक्षित महसूस करें। हमें उम्मीद है कि सरकार, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, कानून निर्माता, न्यायपालिका और संबंधित नागरिक हमारी महिलाओं की सुरक्षा के लिए नई नीतियां तैयार करेंगे ताकि वे मानवता को शर्मसार करने वाले अपराध के डर या जान गवाने के खौफ से सुरक्षित होकर सलामती के साथ अपनी गतिविधियां अंजाम दे सकें। साबिया के साथ जो कुछ भी हुआ है वह अत्यंत शर्मनाक और अफसोसनाक है। उसको तुरंत इन्साफ मिलना चाहिए और उसके परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### निगम कर्मचारियों को सेवानिवृत होने पर पेंशन का पैसा होगा तुरंत मुहैया : गुप्ता

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि कोरोना काल में निगम के सफाई कर्मचारी और शिक्षकों ने अपनी जान की प्रवाह किए बगैर जिस लगन और निस्वार्थ भाव से साथ काम किया है, वह पूरी दिल्ली जानती है। पूठ खुर्द वार्ड में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के कोरोना योद्धाओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि निगम अपने कर्मचारियों के प्रति कितना संवेदनशील है, इस बात का अंदाजा इसी से लागाया सकता है कि चौथी श्रेणी के कर्मचारियों को सेवानिवृत होने के तुरंत बाद एक निश्चित राशि 5 लाख से 7 लाख के बीच दे दी जाएगी और बाकी राशि बाद में दी जाएगी ताकि उन्हें किसी तरह की आर्थिक समस्या का सामना न करना पड़े और उन्हें सेवानिवृत पैसों के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। कार्यक्रम का संयोजन पूठ खुर्द वार्ड से निगम पार्षद श्रीमती अंजु अमन कुमार ने किया। कार्यक्रम में निगम के सफाई कर्मियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

### साइकिल सवार युवक को तेज रफ्तार कार ने कुचला, मौत

**नई दिल्ली।** नारायणा से धौंला कुआं आने वाली रोड पर रविवार सुबह तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। आरोपी कार चालक फरार होने के चक्कर में युवक को कुचल कर भाग गया। पीछे से आ रहे दिल्ली पुलिस ट्रैफिक पुलिस के जवान ने घायल 30 वर्षीय अनोज कुमार को आरआर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान अनोज कुमार की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने के बाद पहुंची सुब्रतो पार्क पुलिस चौकी पुलिस ने आरोपी को राजौरी गार्डन स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर हादसे में इस्तेमाल गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक अनोज कुमार अपने मामा के साथ झरेड़ा गांव में रहता था। जबकि मूलतः वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। उसका परिवार उत्तर प्रदेश में ही रहता है। वह और उसका मामा दिल्ली में मजदूरी किया करते थे। रविवार सुबह अनोज कुमार अपनी साइकिल से अपने काम पर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसकी साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी।

# कोरोना से ठीक होने वालों के मुकाबले बढ़े संक्रमित के आंकड़े

**(विवेक राय)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना के मामले एक बार फिर से चिंता का कारण बन सकते हैं। बीते दिनों से दिल्ली में कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों के मुकाबले संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई है। हालांकि मौत का आंकड़ा जीरो बना हुआ है, लेकिन मृत्युदर 1.74 पर स्थिर है। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सोमवार को दिल्ली में कोरोना के 32 नए मामले सामने आए। वहीं 16 मरीजों को छुट्टी दी गई। दिल्ली में अभी तक 1437991 मरीज संक्रमित हो चुके हैं। वहीं इनमें से 1412542 मरीज ठीक हो गए। दिल्ली में कोरोना के कारण 25082 मरीज दम तोड़ चुके हैं। दिल्ली में कोरोना से मृत्युदर 1.74 फीसदी है। विभाग के अनुसार दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केस बढ़कर 367 हो गए हैं। इनमें से दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में 244 मरीज भर्ती हैं। वहीं कोविड केयर सेंटर में 3 और होम आइसोलेशन में 88 मरीज भर्ती हैं।




**पिछले 24 घंटों में आए 32 नए मामले**

दिल्ली में कोरोना की जांच के लिए रविवार को 54611 टेस्ट हुए जिसमें 0.06 फीसदी संक्रमित पाए गए। इसमें आरटीपीसीआर से 45524 और रैपिड एंटीजन से 9087 टेस्ट हुए। दिल्ली में अभी तक 26052389 टेस्ट हो चुके हैं। दिल्ली में बढ़ते एक्टिव केस के साथ हॉटस्पॉट की संख्या बढ़कर 133 हो गई है।

# भाजपा व कांग्रेस के कई नेता आम आदमी पार्टी में शामिल

**(रविशंकर तिवारी)**

**नई दिल्ली।** सोमवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने अम्बेडकर नगर से भाजपा के संजय चौधरी, बवाना विधानसभा निवासी व्यापारी पुष्पेन्द्र सिंह, कांग्रेस के गांधीनगर निवासी दिनेश शर्मा और भाजपा से वजीरपुर इलाके के व्यापारी सुनील सिंघल समेत कई लोगों को पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। वहीं, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और ग्रेटर कैलाश से विधायक सौरभ भारद्वाज ने टोपी पहनाकर सभी का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी से शालीमार बाग से विधायक बन्दना कुमारी, अम्बेडकर नगर से विधायक



अजय दत्त और बवाना से विधायक जय भगवान भी मौजूद रहे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि आज दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों से चार साथी और उनके मित्रगण आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। ये सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में बहुत ही ईमानदारी के साथ काम करते रहे हैं। बड़ी खुशी की बात है कि जब अलग-अलग क्षेत्रों से लोग यह देखकर कि आम आदमी पार्टी पिछले सात सालों से किस तरह से जनता के लिए काम कर रही है, जनता की परेशानियों को दूर करने का हर सम्भव प्रयास कर रही है, किस तरह से सिर्फ दिल्ली ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी बड़ी तेजी से आगे बढ़ रही है और लोगों का विश्वास जीत रही है। यह देखकर जब लोग आम आदमी पार्टी में शामिल होते हैं, तो यह हमारे लिए गर्व का पल होता है। आज अम्बेडकर नगर वार्ड 81एस खानपुर से संजय चौधरी आप में शामिल हुए। संजय चौधरी बच्चों और विशेषकर महिलाओं को कौशल शिक्षा देते हैं और उन्हें नौकरियां दिलवाने का भी काम करते हैं।

# रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर **(एजेंसी)।** जेबीएम ग्रुप द्वारा मानेसर में दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर डीसीपी मानेसर, वरुण सिंगला उपस्थित थे जो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी थे। इसके पहले, इस साल पूरे भारत में अपने सभी कारखानों में 25 रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए जेबीएम ग्रुप ने पिछले महीने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था।

जेबीएम ग्रुप ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए इस वर्ष 3500 यूनिट से अधिक रक्तदान करने का संकल्प लिया है । कंपनी इस उद्देश्य के लिए पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर कम से कम 25 ऐसे शिविर आयोजित करेगी। रक्तदान शिविर एक महीने में दो बार आयोजित किया जाएगा और प्रत्येक शिविर में न्यूनतम 150 यूनिट ब्लड का लक्ष्य होगा।

इन शिविरों का आयोजन जेबीएम ग्रुप के सीएसआर संभाग, नील फाउंडेशन द्वारा अपने आधिकारिक सोशल भागीदार इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर किया जाएगा।

# भाजपा की लापरवाही से निगम के विद्यालयों के बच्चे राशन से वंचित : विकास गोयल

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर **(एजेंसी)।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी से नेता प्रतिपक्ष विकास गोयल ने निगम के स्कूलों के बच्चों को समय पर सूखा राशन नहीं बाटे जाने को लेकर निगम आयुक्त को पत्र लिखा। पत्र में बाल अधिकार संरक्षण आयोग, दिल्ली सरकार द्वारा निगम को 1 सितंबर 2021 को दिए गए नोटिस पर 2 सप्ताह भीतर स्पष्टीकरण और दोषी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विकास गोयल ने कहा, निगम में सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं ने पिछले 15 वर्षों में केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है और वे निगम में एक जवाबदेही सुशासन देने में विफल रहे हैं। उत्तरी दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी से नेता प्रतिपक्ष विकास गोयल ने बताया कि मिड डे मील स्कीम के अंतर्गत उत्तरी निगम में पढ़ने वाले बच्चों को कोरोना काल में जुलाई 2020 से मई 2021 तक का सूखा राशन दिया जा रहा था। जिसके लिए दिल्ली सरकार ने निदेशक शिक्षा को तीन बार पत्र लिखकर स्टोर से गेहूं चावल उठाए जाने का अनुरोध किया। लेकिन भाजपा शासित निगम द्वारा सुखा राशन न उठाए जाने पर यह लैप्स हो गया और उत्तरी निगम के बच्चे राशन से वंचित रह गए। इस गैर जिम्मेदाराना कार्य के लिए बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा निदेशक शिक्षा को 2 सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा के नेताओं ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, निगम में सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं ने पिछले 15 वर्षों में केवल और केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है और वे निगम में एक जवाबदेही सुशासन देने में विफल रहे हैं। भाजपा नेताओं ने अपने भ्रष्टाचार से निगम को दिवालिया कर दिया और अब आगामी चुनाव में अपनी हार को भांपते हुए निगम की सभी ज़मीनों को अपने ही लोगों को औने-पौने दामों में बेच रहे हैं या तो मुफ्त में बांट रहे हैं। दुख की बात तो यह है कि भाजपा ने मासूम बच्चों का राशन तक नहीं छोड़ा। भाजपा नेताओं ने सूखे राशन में दी जाने वाली दाल के स्थान पर काला चना और वनस्पति घी के स्थान पर पामोलीन बांट दिया था। यहां तक कि बच्चों को दी जाने वाली सूखे राशन की किट के वजन में भी घोटाला किया गया था।

# टाइल्स व निर्माण सामग्री के व्यवसाय को मजबूती के लिए कई महत्वपूर्ण पहल

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर **(एजेंसी)।** एशियन ग्रैनिटो इंडिया लिमिटेड 23 सितम्बर, 2021 को अपना राइट्स इश्यू खोलने वाली है। इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कुछ निश्चित बकाया उधारी के भुगतान,पूर्व भुगतान के लिए, कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियों के लिए और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। राइट्स इश्यू प्रति शेयर 100 रुपए की किमत पर पेश किया गया है जो 3 सितम्बर को 166 रुपए प्रति शेयर की किमत से 40 प्रतिशत कम है। राइट्स इश्यू 7 अक्टूबर, 2021 को बंद होगा। राइट्स इश्यू में राइट्स एंटाइटेलमेंट प्राप्त करने के हकदार इक्विटी शेयरधारकों को निर्धारित करने के उद्देश्य से कंपनी 9 सितम्बर, 2021 को रिकॉर्ड तिथि के रूप में तय करती है। कंपनी 100 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर नकद के लिए 10 रुपये के अंकित मूल्य के 2,24,64,188 पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयर जारी करेगी, जो कुल मिलाकर 224.65 करोड़ रुपए है।

### कंपनी का लक्ष्य एसेट लाइट व कैपिटल लाइट बिजनेस मॉडल की ओर बढ़ने का : पटेल

एशियन ग्रैनिटो इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमलेश पटेल ने यह गतिविध पर टिप्पणी करते हुए कहा की कंपनी ने हाल के दिनों में कर्ज को कम करने, टाइल्स और निर्माण सामग्री के मुख्य व्यवसाय को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। कंपनी का लक्ष्य एसेट लाइट और कैपिटल लाइट बिजनेस मॉडल की ओर बढ़ने का है। इश्यू की आय कंपनी की बैलेंस शीट को और मजबूत करेगी, कर्ज को कम करेगी और इसकी रणनीतिक विकास पहलों को निधि देने में मदद करेगी। इन सभी उपायों के साथ, कंपनी वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही स्टैंडअलोन आधार पर ऋण मुक्त हो सकती है।

**योजना** दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ सत्येंद्र जैन ने किया आधुनिक कुओं का दौरा

# सोनिया विहार में दिल्ली सरकार बना रही आधुनिक कुआं

**नई दिल्ली, 6 सितम्बर (एजेंसी)। दिल्ली के जल मंत्री और दिल्ली जल बोर्ड डीजेबी के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ सोनिया विहार और अक्षरधाम में बन रहे आधुनिक कुओं का दौरा किया। दिल्ली सरकार सोनिया विहार में एक आधुनिक कुएं का निर्माण करा रही है, जिसके पूरा होने के बाद प्रतिदिन 90 लाख लीटर पानी प्रतिदिन जमीन से निकाल सकता है। इस दौरान जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने अधिकारियों को कुएं से पानी निकालने की दर पर नजर रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने कार्य की प्रगति का जायजा लिया।**

- रोजाना कुएं से निकाला जा सकेगा 90 लाख लीटर पानी
- सरकार समय पर गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने पर दे रही है ध्यान : जैन

उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार समय पर गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने पर ध्यान दे रही है और साथ ही दिल्लीवासियों को 24 घंटे पानी मुहैया कराने के लिए इनोवेशन का इस्तेमाल कर रही है। निरीक्षण के दौरान जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कुएं से पानी निकालने की दर पर नजर रखी जाए। साथ ही, समय का ध्यान रखते हुए गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने पर ध्यान दिया जाए। दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग



आई एंड एफ.सी और लोक निर्माण विभाग भी ऐसे आधुनिक कुओं का निर्माण कर रहे हैं, जो हिरंकी और अक्षरधाम में अलग-अलग तकनीकों और डिजाइनों के साथ बनाए जा रहे हैं। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने अक्षरधाम में बन रहे कुएं का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को इस परियोजना को पूरा करने के लिए इसके तकनीकी पहलुओं पर काम करने के निर्देश दिए। सोनिया विहार में बन रहा यह कुआं एक आधुनिक कुआं है जिसका निर्माण दिल्ली सरकार के दिल्ली जल बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। इस आधुनिक कुएं की तकनीक को दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों द्वारा 'इन-हाउस' विकसित किया गया है। यह कुआं दिल्ली जल बोर्ड के पारंपरिक कुओं से बिल्कुल अलग है।

इस कुएं की विशिष्टता यह है कि इसकी दीवारों में कई छेद बनाए गए हैं जो जल की निकासी और उसके संग्रह को बढ़ाते हैं।

### पूर्वी दिल्ली के लोगों के पेयजल की जरूरतों को करेगा पूरा

यह कुआं एक बार पूरा होने के बाद प्रतिदिन 90 लाख लीटर पानी जमीन से निकाल सकते हैं। इस कुएं से निकाले गए पानी का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है और यह पूर्वी दिल्ली के लोगों के पेयजल की जरूरतों को पूरा करेगा। इसके साथ ही, दिल्ली सरकार दिल्ली के 200 एमजीडी पानी की कमी के एक बड़े हिस्से को कम करने का प्रयास कर रही है। यह कुआं 30 मीटर गहरा होगा और इसका व्यास 6 मीटर होगा। इसका निर्माण कार्य काफी तेज गति से चल रहा है, जिसमें से 12 मीटर कुआं पहले ही बनाया जा चुका है। अधिकारी इस साल के अंत तक इस कुएं के निर्माण को पूरा करने और इसे पूरी तरह से चालू करने की दिशा में काम कर रहे हैं। दिल्ली सरकार इस कुएं को सोनिया विहार में पायलट आधार पर बना रही है। इसी तरह के और भी कई जगहों पर कुएं बनाए जाएंगे। ये कुएं केवल उच्च भूजल पुनर्भरण क्षेत्र में बनाए जाते हैं, जहां पानी का प्राकृतिक रूप से पुनर्भरण होता है। चूंकि सोनिया विहार एक ऐसा उच्च भूजल पुनर्भरण क्षेत्र है, जहां पानी 4 मीटर की गहराई पर पाया जाता है। इस पायलट परियोजना को लागू करने के लिए इस जगह को चुना गया है। दिल्ली सरकार दिल्ली के लोगों को 24 घंटे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इनोवेशन का उपयोग कर रही है और यह इस दिशा में एक अहम कदम है।

# अमेरिका का नया दांव



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तालिबान के लिए अफगानिस्तान की सत्ता का मार्ग खोल कर कई कूटनीतिक मोर्चों पर बढ़त हासिल कर ली है। तालिबान के लिए अमेरिका से सामरिक और आर्थिक सहयोग मिलता रहना बेहद जरूरी है और यह उसकी प्राथमिकता भी होगी। अमेरिका की नजर मध्यपूर्व से लेकर ईरान, रूस और चीन तक है और ऐसे में तालिबान और दोहा उसके लक्ष्यों को पूरा करने का माध्यम बन सकता है।

**दोहा** वार्ताओं को तालिबान के पक्ष में दिखाने के लिए अमेरिका ने अफगान सरकार पर हजारों तालिबानी कैदियों को रिहा करने का दबाव बनाया, जिसे लेकर गनी सरकार तैयार नहीं थी। जाहिर है, अमेरिका भीतर ही भीतर तालिबान के साथ सौदेबाजी में लगा था। अमेरिका ने काबुल में अपना दूतावास बंद कर इसे कतर की राजधानी दोहा में स्थानांतरित कर दिया है। सभी अमेरिकी सैनिक अफगानिस्तान छोड़ चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकेन ने इसे अफगानिस्तान के साथ अमेरिका के रिश्तों का एक नया अध्याय बताया है, जिसमें सैनिक अभियान के समाप्त होने और नए कूटनीतिक मिशन के शुरू होने की बात कही गई है। दरअसल अफगानिस्तान से आतंक समाप्त करने का अमेरिकी लक्ष्य भले पूरा न हुआ हो, लेकिन उसके वैश्विक हित और उद्देश्य अवश्य बदल गए हैं।

अमेरिका को लेकर धारणा रही है कि यह एक ऐसा राष्ट्र है जिसकी नीतियां वहां की राजनीतिक पार्टियां या राष्ट्रपति तय नहीं करते, बल्कि तय वही होता है जो अमेरिकी हित में हो, चाहे सत्ता में कोई भी रहे। अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी अप्रत्याशित नहीं होकर कूटनीति का ऐसा दांव माना जा रहा है जिससे मध्यपूर्व, दक्षिण एशिया, चीन, रूस सहित कई मोर्चों पर अमेरिका को निर्णायक बढ़त मिल सकती है। ऐसा लगता है कि अमेरिका व तालिबान ने आपसी गठजोड़ करके न केवल अपने हितों को सुरक्षित कर लिया, बल्कि भविष्य में आपसी सहयोग की व्यूह रचना भी तैयार कर दी। इसकी शुरुआत ट्रंप के कार्यकाल में ही हो गई थी, जब अमेरिका और तालिबान के बीच वार्ताओं का दौर शुरू हुआ था। इसलिए अगर यह कहा जाए कि तालिबान का अफगानिस्तान में कब्जा इसी योजना का हिस्सा है जिसे बाइडेन ने अंजाम तक पहुंचा दिया है, तो इसमें अतिशयोक्ति नहीं होगी।

यह भी कम दिलचस्प नहीं है कि अफगानिस्तान की अशरफ गनी सरकार अमेरिका और तालिबान के बीच होने वाली वार्ताओं को लेकर लगातार आशंकित रही और उन्होंने वार्ताओं का विरोध भी किया। पर अमेरिका ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी के विरोध को नजरअंदाज कर तालिबान की वे शर्तें भी मानीं जिसमें अशरफ गनी को वार्ता से दूर रखने की बात कही गई थी। जब ट्रंप ने वार्ता को सफल बताया था तब भी अशरफ गनी ने इसकी आलोचना करते हुए इसे अमेरिका द्वारा तालिबान की शक्ति को मान्यता देने जैसा बताया था। दरअसल गनी अमेरिका और तालिबान के बीच पनपती साझेदारी को बहुत पहले भांप गए थे। उन्होंने फरवरी 2018 में तालिबान को एक वैध राजनीतिक दल के रूप में मान्यता देने की पेशकश के साथ बिना शर्त शांति वार्ता के लिए आमंत्रित भी किया था। पर तब भी तालिबान अफगान सरकार के साथ बातचीत के लिए राजी नहीं हुआ। अमेरिका और तालिबान के बीच कतर में शांति वार्ता की शुरुआत 12 अक्टूबर 2018 को हुई थी और यहीं से अफगानिस्तान की सत्ता में तालिबान की वापसी की संभावनाएं प्रबल हो गई थीं। इस बीच ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए अफगान मूल के जलील खलीलजाद को अपना वार्ताकार बना कर एक और दांव खेला था, जिन्होंने अक्टूबर 2019 में पाकिस्तान पहुंच कर तालिबान के सह संस्थापक और मुख्य शांति वातार्कार मुल्ला अब्दुल गनी बरादर की अगुवाई वाले तालिबान प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करके भविष्य की कार्ययोजना तय कर दी थी।

तालिबान के प्रति अमेरिका की नीति को बहुआयामी दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है। अमेरिका ने 2001 में न्यूयार्क और पेंटागन पर हमले के लिए अलकायदा को ही जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद अलकायदा का समर्थन करने के आरोप में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया और तालिबान को सत्ता से बेदखल कर वहां नई सरकार बनाने के रास्ते तैयार किए। दो दशकों तक अफगानिस्तान की सत्ता को संचालित करने और अरबों डॉलर फूंकने वाले अमेरिका के लिए स्थितियां अनुकूल कभी नहीं पाईं। इससे अमेरिका को अनुभव हो गया कि कबीलों से संचालित होने वाले इस देश में सर्वप्रिय, समन्वयकारी और वैधानिक सरकार की स्थापना करना फिलहाल तो नामुमकिन है। अफगानिस्तान का इतिहास इसका गवाह भी है।

अमेरिका और तालिबान के बीच वार्ता पिछले साल मार्च में दोहा में शुरू हुई थी। वार्ता शुरू होने से पहले तालिबान ने कहा था कि वह केवल अमेरिका के साथ सीधी बातचीत करेगा, न कि काबुल सरकार के साथ जिसे उसने कभी मान्यता नहीं दी। अमेरिका ने वार्ता प्रक्रिया से अफगान सरकार को अलग रखते हुए इस मांग को प्रभावी ढंग से स्वीकार कर लिया और विद्रोहियों के साथ सीधी बातचीत शुरू की। दोहा वार्ताओं को तालिबान के पक्ष में दिखाने अमेरिका ने अफगान सरकार पर हजारों तालिबानी कैदियों को रिहा करने का दबाव बनाया, जिसे लेकर गनी सरकार तैयार नहीं थी। जाहिर है, अमेरिका भीतर ही भीतर तालिबान के साथ सौदेबाजी में लगा था। अब अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के लिए अमेरिका की चौतरफा आलोचना हो रही है। लेकिन अमेरिकी प्रशासन तालिबान का लगातार बचाव कर रहा है। हाल में सुरक्षा परिषद ने तालिबान को आतंकी संगठन बताने से भी परहेज किया। काबुल हवाई अड्डे पर आतंकी हमले के लिए इस्लामिक स्टेट को जिम्मेदार ठहराकर तालिबान की छवि को बचाने की कोशिश की। अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख विलियम बर्न्स ने काबुल में तालिबान के नेता मुल्ला अब्दुल गनी बरादर के साथ गोपनीय मुलाकात कर तालिबान अमेरिकी साझेदारी के बढ़ने के संकेत दिए हैं।

आज अमेरिका की सबसे बड़ी चिंता चीन की विस्तारवादी नीतियों को लेकर है। अमेरिका तालिबान की मदद लेकर ड्रैगन को झटका देने की रणनीति पर काम कर सकता है। जबकि चीन अफगानिस्तान को आर्थिक गलियारे में शामिल करने के संकेत तक दे चुका है। चीन अफगानिस्तान के पहाड़ी इलाके वाखान गलियारे के पास सैन्य अड्डा भी बनाना चाहता है। अब तालिबान-अमेरिका गठजोड़ के चलते चीन की आर्थिक और सामरिक समस्या बढ़ सकती है। तालिबान को लेकर अमेरिका का पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी रूस भी आशंकित है। वह तालिबान से मजबूत संबंध रख कर इस्लामिक स्टेट को इस क्षेत्र से दूर रखना चाहता है। उसकी चिंता चेचन्या को लेकर है।

अमेरिका अफगानिस्तान से लगने वाले देश ईरान को भी नियंत्रित करने के मौके की ताक में रहा है। तालिबान व ईरान के संबंध असहज ही रहे हैं। ईरान के कथित गोपनीय परमाणु कार्यक्रम-अमाद को लेकर अलग-अलग कारणों से अमेरिका, सऊदी अरब और इजराइल दहशत में हैं। ईरान वैश्विक प्रतिबंधों से जूझ रहा है व उसके लिए विदेशों में जमा विदेशी मुद्रा भंडार को इस्तेमाल करना मुश्किल हो गया है। ईरान की सीमा से लगा अफगान शहर हेरात नकदी के स्रोत की अहम भूमिका निभाता है, जहां अनुकूल दरों पर अमेरिकी डॉलर का लेनदेन होता है और इस्लामिक रिपब्लिक नकदी के अपने सबसे नजदीकी और प्रमुख स्रोतों में से एक तक पहुंच खोना भी नहीं चाहेगा। अब अमेरिका सुन्नी कट्टरपंथी संगठन तालिबान पर दबाव डाल कर न केवल ईरान की अफगानिस्तान से लगती सीमा को असुरक्षित कर सकता है, बल्कि उसे आर्थिक नुकसान भी पहुंचा सकता है।

## संपादकीय

# अब पैरालंपिक ने दी नई उड़ान

ओलंपिक के बाद पैरालंपिक में भारत ने इतिहास रच दिया है। पैरालंपिक की उपलब्धि कुछ ज्यादा ही मायने रखती है क्योंकि खिलाड़ी संघर्ष के एक कठिन दौर से गुजर चुका होता है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि इन खेलों से संबंधित शिकायतें भी जल्दी दूर होंगी।



टोक्यो पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने इतिहास रच दिया है। अबकी बार भारत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर 24वां स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ियों ने इस दौरान एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा आठ, शूटिंग में पांच, बैडमिंटन में चार, टेबल टेनिस और तीरंदाजी में एक-एक मेडल जीते। पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब भारत की पदक संख्या दोहरे अंकों में पहुंची है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2016 के रियो पैरालंपिक में रहा था, जहां उसने दो स्वर्ण समेत चार पदक जीते थे। पैरालंपिक खेलों की शुरुआत वर्ष 1960 में हो गई थी, लेकिन भारत ने तेल अवीव पैरालंपिक (1968) में पहली बार भाग लिया था। वर्ष 1984 के पैरालंपिक से भारत इन खेलों में लगातार भाग लेता आया है।

भारत ने टोक्यो से पहले 11 पैरालंपिक खेलों में हिस्सा लिया था, जिस दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण समेत कुल 12 पदक जीते थे। अब टोक्यो ओलंपिक में जीते गए 19 पदकों को मिलाकर यह संख्या 31 तक पहुंच गई है। सबसे खास बात यह है कि इनमें से 18 पदक भारतीय खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स इवेंट्स में जीते हैं। पैरालंपिक से पहले हालिया ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। ओलंपिक के इतिहास में भारत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात मेडल जीतकर 48वां स्थान हासिल किया था। एक ओर जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा था। वहीं, वेटलिफ्टर मीराबाई चानू और रेसलर रवि दहिया ने सिल्वर हासिल किया। पहलवान बजरंग पुनिया, पीवी सिंधु, लवलीना बोरगोहेन और पुरुष हॉकी टीम ने भी यादगार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता था। पैरालंपिक खेल सामान्य ओलंपिक से इस मायने में विशेष माने जाते हैं कि इनमें उन्हीं खिलाड़ियों का चयन किया जाता है, जो किसी वजह से कोई अंग गंवा चुके होते हैं, चाहे वह दुर्घटनावश हो या जन्मजात। इन प्रतियोगिताओं में उनकी जीत को उनके मनोबल और हुनर की दृष्टि से आंकने की जरूरत होती है।

ये खिलाड़ी सबसे पहले तो खुद से संघर्ष करके इस मनस्थिति में पहुंचते हैं कि उन्हें खेलना है। फिर वे समाज की जड़ मानसिकता से लड़ते हैं, तब कहीं उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने व दुनिया के खिलाड़ियों के साथ स्पर्धा में खड़ा होने का अवसर मिल पाता है। पैरालंपिक में पहुंचने से पहले उन्हें खुद को तैयार करने के लिए पग-पग पर संघर्ष करना पड़ता है। इन खेलों की तैयारी के लिए जिस तरह के महंगे अत्याधुनिक संसाधनों की जरूरत पड़ती है, उन्हें जुटाना भी सबके वश की बात नहीं होती। फिर इन खेलों के लिए खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया भी कम कठिन नहीं होती। शारीरिक क्षमता के आधार पर वर्गीकरण किया जाता है। इसके लिए अलग-अलग बिंदु तय हैं। अभी कई ऐसे पैमाने हैं, जिन पर काम करने की जरूरत है।

# युवा पीढ़ी और बाजार



युवा पीढ़ी पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक रचनात्मक है। तकनीक ने भी इस मामले में उसे बेहतर और अधिक अवसर दिए हैं। युवाओं के पास ऊर्जा का भंडार है। इस पर युवाओं को मंथन की आवश्यकता है। राष्ट्रहित में युवाओं को अमेरिका जाने, अमेरिका बिछाने-ओढ़ने, अमेरिका होने की मानसिकता से बाहर निकलने यह एकदम उपयुक्त समय है। कारण कि मौजूदा सरकार युवकों का स्वाभिमान ऊंचा कर रही है।

**पिछले** दो दशक से युवा पीढ़ी में बदलाव को लेकर भारत में लगातार संवाद हो रहा है। कई लोग इस पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी से समझदार बताते, तो कई उच्छृंखल कहते हैं। देश के तमाम राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दल इन पर दांव खेलते हैं, तो सभी राष्ट्रीय-बहुराष्ट्रीय व्यावसायिक, औद्योगिक, व्यापारिक घराने इसी पीढ़ी को केंद्र में रख कर अपना भविष्य चमकाने की योजनाएं बना रहे हैं। बैंगन का भर्ता, चोखा, चूरमा, मोमोज बनाने वाले, ठेले वाले से लेकर आलू की चिप्स बनाने वाली कंपनियों तक, गूगल, धर्म-अध्यात्म का व्यवसाय करने वालों तक का ध्येय युवाओं को लुभाना है।

नए अध्ययन बताते हैं कि युवा पीढ़ी तेजी से चार्वाक दर्शन 'यावत् जीवेत, सुखम् जीवेत, ऋणम् कृत्वा घृतम् पिवेत' की ओर बढ़ रही है। निजी कंपनियों में थोड़े-थोड़े वेतन पर काम करने वाले युवक किश्तों पर गाड़ियां खरीद रहे हैं। महंगे किराए के मकानों में रह रहे हैं। पिज्जा-बर्गर, सिगरेट, शराब, क्लब, मौज-मस्ती और घूमने-फिरने पर बेहिसाब खर्च कर रहे हैं। महंगे होटलों में रुकना उनका बड़ा शौक है। स्मार्ट फोन का इस्तेमाल यह पीढ़ी इतनी तेजी से करती है कि कई बार लगता है जैसे स्मार्ट फोन उसको भोग रहा है। कहा जा रहा है कि देश की यह पीढ़ी जीवन का मजा ले रही है, लेकिन लगता है कि इस पीढ़ी के बलबूते बड़ी कंपनियां डॉलर छाप रहीं हैं।

एक अध्ययन के मुताबिक, पिछले तीन-चार वर्षों में भारत के युवाओं में सहभाजन अर्थशास्त्र (शेयरिंग इकॉनोमी) का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। युवक 'ब्ला-ब्ला' जैसे स्रोतों से गाड़ियां शेयर कर रहे हैं। यह अलग बात है कि अधिकांश लड़के-लड़कियां कार यात्रा शेयर करना पसंद करते हैं। 'ब्ला-ब्ला' से एक व्यक्ति ने अपनी भतीजी के जरिए शेयरिंग गाड़ी बुक की, जब कार के मालिक को पता चला कि बुक करने वाली लड़की नहीं, उसके चाचा उसमें जा रहे हैं, तो वे सज्जन अपनी गाड़ी लेकर अकेले जयपुर चले गए। वैसे यह पीढ़ी, जो रिश्तों को लेकर आवश्यकता से अधिक खुली है, इस मामले में भविष्य को भी खतरे में डाल रही है।

समाजशास्त्री बलवान सिंह कहते हैं, इस पीढ़ी को कम आयु में विपरीत लिंगी मित्र चाहिए। अधिकतर ये अपने शिक्षकों से अधिक ज्ञानवान हैं। खानपान, भाषा-वेशभूषा के मामले में यह पीढ़ी पश्चिम की दीवानी है। सार्थक संवाद में उसका विश्वास नहीं है। रिश्तों में ईमानदारी का अभाव है। आईपीएल पर सट्टा या शर्त लगाने में आगे रहती है। यातायात नियमों को तोड़ने में वह गर्व का अनुभव करती है। उसे गाली-गलौच से कोई परहेज नहीं। संघर्ष से बचना चाहती है, शॉर्टकट से सब कुछ पाना चाहती है। पिछले कुछ वर्षों में जवानों के अधिक संख्या में सेना छोड़ने, सेना में भर्ती होने के लिए स्वस्थ और छह फुटे जवानों के न आने पर यह पीढ़ी बात करने से बचती है। जाति-संप्रदाय को लेकर उसमें कट्टरपन बढ़ा है। अपने से बड़ों का सम्मान व जरूरतमंदों की मदद करने जैसे विषय बहुत कम युवाओं के एजेंडे में हैं। समय निष्ठा को तो वह जानती ही नहीं।

खाए जाओ, पीए जाओ जैसे आकर्षक विज्ञापन देने वाली कई कंपनियां न केवल भ्रामक विज्ञापन, बल्कि सर्वेक्षणों के बाद अपने खाद्य उत्पादों के बारे में भ्रामक जानकारियां भी देती हैं। एक बहुराष्ट्रीय कंपनी ने पिछले दिनों दावा किया कि देश की युवा पीढ़ी स्वास्थ्य के प्रति पिछली कई पीढ़ियों से अधिक गंभीर है, लेकिन ऐसा होता, तो देश में शराब, सिगरेट, पिज्जा, बर्गर, शीतल पेयों का प्रचलन इतना नहीं बढ़ता। इस कंपनी ने कहा कि यह पीढ़ी तुलनात्मक दृष्टि से अपनी पुरानी पीढ़ियों के मुकाबले अधिक राष्ट्रभक्त है, अगर ऐसा होता, तो शरीर को हानि पहुंचाने वाले फास्ट फूड का देश में इतना प्रचलन न बढ़ता और देश का पैसा विदेशों में न जाता।

बाजार का एक ही देवता है, वह है लाभ और केवल लाभ। आज व्यापारी किसी भी तरीके से धन कमाना चाहता है। इसलिए बाजार के खिलाड़ी समाज की परंपराएं और परिभाषाएं भी बदल रहे हैं। यही कारण है कि पहले फर्जी सर्वेक्षण होते हैं। फिर खरीदे हुए अर्थशास्त्रियों से अपने मनमाफिक परिभाषाओं पर बयान दिलावाए जाते हैं। फिर कई शिक्षकों, कॉलेजों को कमीशन देकर ऐसी किताबें पढ़वाई जाती हैं, जिनमें युवाओं को यह तक बताया जाता है कि बचत बुरी चीज है। 50 वर्ष से आदिम दुनिया तक के लोग बचत करते रहे हैं। चाणक्य ने आपात स्थिति के लिए बचत को गृहस्थी का मूल मंत्र बताया है। इन 50 सालों में 'बचत' कैसे अप्रासंगिक हो गई। दूसरे, बचत के सिद्धांत से बाजार में कभी मंदी नहीं आती। व्यक्ति धन को बैंक में जमा करता है। जब पूंजी इकट्ठी हो जाती है, तो वह गहने, बच्चों की उच्च शिक्षा, मकान, विवाह पर खर्च करता है। कुछ खास अवसरों पर ज्यादा धन खर्च करता है। अंततः वह धन बाजार में ही पहुंचता है। बचत का धन बैंकों में जमा रहता है। बैंक में धन बेकार नहीं रहता है।

बैंक उस धन को प्रतिदिन के हिसाब से स्वरोजगारियों, व्यापारियों और उद्यमियों को कर्ज देने में उपयोग करते हैं। इससे व्यवसाय बढ़ता है। बचत का धन बाजार में कभी भी मंदी के लिए उत्तरदायी नहीं रहता। धन बैंक के माध्यम से बाजार में मौद्रिक तरलता जारी रखता है। बाजार, कई अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों और कॉलेजों का गठजोड़ युवाओं में विलासिता का भाव जगा कर सब कुछ खर्च डालने को बाजार में उतारने के लिए बहुत ही महीन स्तर पर कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2017 में हुए एक अध्ययन में कहा गया था कि भारत की वर्तमान पीढ़ी अपने पिताओं से अधिक सुखी व प्रसन्न रहेगी। आश्चर्य! शराब, सिगरेट, पिज्जा, बर्गर खाने वाली, पानी की भांति शीतल पेय डकार जाने वाली, दिन-रात स्मार्ट फोन पर उलझी रहने वाली, छोटी-छोटी बातों के लिए देश को कोसने, विदेश जाने की धमकी देने वाली पीढ़ी, जिसके सामने माता-पिता ने बागी होने के डर से समर्पण कर दिया है, कैसे खुश रहेगी? युवाओं के बारे में डिजिटल मीडिया पर एक लड़की लिखती है, 'सम वांट कैश, सम वांट ऐश'। एक अन्य टिप्पणी- 'सम डाई इन लव, सम लिव फॉर लव'।

समाजशास्त्री कहते हैं कि आज के बहुत से युवाओं को इतना लाड़ मिला है कि कई भूल गए हैं कि टहलना भी कोई चीज होती है। वे स्कूटी, बाइक और कार के अलावा कुछ नहीं जानते हैं। आज युवाओं पर कई बार यह आरोप सही लगता है कि वह अपने में मस्त है। एक मनोवैज्ञानिक कहती हैं, 'युवाओं का समय कॉफी शॉप में बीतता है, वे अपने आसपास के वातावरण से बिल्कुल बेपरवाह हैं।' युवा पीढ़ी अधिक रचनात्मक है। तकनीक ने भी इस मामले में उसे बेहतर और अधिक अवसर दिए हैं। दीनदयाल उपाध्याय कहते थे, 'युवक तकनीक का देशज भाषा-वेशभूषा, संस्कृति और परंपराओं के साथ तालमेल बिठा कर अपने और राष्ट्र दोनों के लिए बेहतर कर सकता है।' वह कहते थे, 'तकनीक का दास बनने की आवश्यकता नहीं है, न ही इसका संबंध सामाजिक प्रतिष्ठा से है।

**प्रवीण कुमार सिंह**

## ट्विटर



ओलंपिक और पैरालंपिक में खिलाड़ियों ने जिस उत्साह के साथ हिस्सा लिया और देश का नाम रोशन किया, वह काबिले तारीफ है। सभी पर गर्व है।

**अनुराग ठाकुर, खेल मंत्री**



देश में क्रिकेट के अलावा दूसरे खेलों की तरफ ध्यान दिया जाए तो हमारे खिलाड़ी दुनिया में भारत का परचम लहरा सकते हैं। सरकार को सुविधाओं पर ध्यान देना होगा।

**पीवी सिंधु, बैडमिंटन खिलाड़ी**



## सत्यार्थ

# अच्छी सलाह व्यर्थ न जाने दें



एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित किया तो उन्हें अहंकार हो गया। वे हर जगह ये बोल रहे थे कि मैंने काम को पराजित कर दिया है। अपनी प्रशंसा करते-करते वे कैलाश पर्वत पहुंच गए। शिव जी ने भी कामदेव को भस्म कर दिया था, लेकिन उन्होंने क्रोध किया था। नारद मुनि शिव जी से कहते हैं, मैंने न क्रोध किया, न मुझमें लोभ था, फिर भी मैंने काम को पराजित कर दिया। शिव जी समझ गए कि नारद मुनि भक्त हैं और इन्हें अहंकार हो गया। शिव जी बोले, आप मुझसे ये बात कह रहे हैं, लेकिन विष्णु जी से मत कहना। किसी को कोई काम न करने के लिए कहा जाए तो वह सबसे पहले वही काम करता है। ठीक ऐसा ही नारद ने भी किया। नारद को लगा कि शिव जी को मेरी प्रशंसा अच्छी नहीं लग रही है तो वे उन्हें टाल कर विष्णु जी के पास पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि का घमंड तोड़ दिया था, लेकिन शिव जी ने नारद मुनि से जो बातें कही थीं, वह हमारे बहुत काम की हैं। शिव जी ने नारद से कहा था, आप बार-बार कह रहे हैं कि आपने कामदेव को पराजित कर दिया है, लेकिन आपके मुंह से लोग राम कथा सुनना चाहते हैं, और आप कामकथा सुना रहे हैं। मनुष्य का जो मूल काम है, जो काम उसकी पहचान है, जो जिम्मेदारी है, उसे वही काम करना चाहिए। शिव जी की ये बातें नारद समझ नहीं सके। यहां नारद मुनि ने दो गलतियां कीं, जो हमें नहीं करनी चाहिए। पहली, जब कोई सलाह दे तो सबसे पहले ये देखें कि सलाह देने वाला कौन है? बहुत से लोग निःस्वार्थ भाव से सलाह देते हैं, लेकिन हमें लगता है कि ये हमारा अहित सोच रहे हैं, इनका अपना कुछ स्वार्थ होगा। बस यहीं गलती हो जाती है। दूसरी गलती ये है कि हम अपना मूल काम छोड़कर दूसरा काम करने लग जाते हैं, ये भी नुकसानदायक है। जैसा नारद को हुआ। जो हमारा मूल काम है, उसे ईमानदारी से करें और अच्छी सलाह को जीवन में अपनाएं।

गौरवशाली भारत के स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91 से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह, टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI, No. DELHIN383334, E-mail: gauravashalibarat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

### मुजफ्फरनगर की किसान महापंचायत पर बोलीं मायावती

# हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक सौहार्द से दंगों के जख्म को भरने में होगी मदद

**लखनऊ,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती ने मुजफ्फरनगर में हुई किसान महापंचायत के लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस पंचायत में हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए किया गया प्रयास अति-सराहनीय कदम है। इससे मुजफ्फरनगर दंगों के गहरे जख्मों को भरने में थोड़ी मदद मिलेगी। बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को ट्वीट के माध्यम से लिखा कि यूपी के मुजफ्फरनगर जिले में रविवार को हुई



भाजपा की नफरत से बोई हुई उनकी राजनीतिक जमीन खिसकती दिखने लगी है : मायावती

किसानों की जबरदस्त महापंचायत में हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए भी प्रयास अति-सराहनीय। इससे निश्चय ही 2013 में सपा सरकार में हुए भीषण दंगों के गहरे जख्मों को भरने में थोड़ी मदद मिलेगी, किन्तु यह बहुतों को असहज भी करेगी। उन्होंने आगे लिखा कि किसान देश की शान हैं तथा हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा के लिए मंच से साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए लगाए गए नारों से भाजपा की नफरत से बोई हुई उनकी राजनीतिक जमीन खिसकती हुई दिखने लगी है तथा मुजफ्फरनगर ने कांग्रेस व सपा के दंगा-युक्त शासन की भी याद लोगों के मन में ताजा कर दी है।

#### पार्टी से निष्कासित लोगों के चंदा वसूलने पर जताई नाराजगी

इससे पहले मायावती ने पार्टी से निष्कासित लोगों के चंदा वसूलने पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि वे ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की सोच से भटकाव आदि के कारण पार्टी से निष्कासित पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश इन दिनों बहन जी को मुख्यमंत्री बनाना है के नाम पर जगह-जगह घूमकर लोगों से चंदा आदि वसूलना घोर अनुचित है।

## भाजपा से त्रस्त हो चुके हैं किसान : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि किसान महापंचायत में उमड़ी किसानों की भीड़ से लगता है कि देश के किसान भाजपा से त्रस्त हो चुके है और वे उसे सबक सिखाने में पीछे नहीं रहेंगे। गहलोत ने रविवार रात यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर की किसान महापंचायत में उमड़ी किसानों की भारी भीड़ दिखाती है कि उत्तर प्रदेश और देश का किसान भाजपा से त्रस्त हो चुका है। राजग सरकार की किसानों के प्रति सोच जगजाहिर है। समय आने पर देश के किसान भाजपा को सबक सिखाने में पीछे नहीं रहेंगे। पहले 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का झूठा वादा एवं अब किसानों को



विश्वास में लिए बिना किसान विरोधी कृषि कानून थोपकर खेती को बड़े व्यापारियों के हवाले करने के प्रयास को किसान पूरी तरह पहचान चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में छह जिलों में पंचायतीराज के नतीजों से साफ हो गया है कि किसानों में भाजपा के खिलाफ भारी नाराजगी है।

## राकांपा कोई राजनीति पार्टी का आयोजन नहीं करेगी : मलिक



**मुंबई,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री नवाब मलिक ने सोमवार को कहा कि पार्टी ने किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया है ताकि कोविड महामारी के संभावित खतरे की पृष्ठभूमि में भीड़ से बचा जा सके। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्य के सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम नहीं करने का आग्रह किया है ताकि भीड़ एकत्र नहीं हो। अभी और कुछ दिनों तक प्रतीक्षा करें। उन्होंने अपने बयान में स्पष्ट किया कि कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रसार को देखते हुए भीड़ से बचने के लिए इस तरह का कदम उठाना पार्टी की भूमिका है। नवाब मलिक ने बताया कि 2019 के चुनाव में राकांपा से चुनाव लड़ने वाले जीते और हारे उम्मीदवारों की अहम बैठक होगी आठ सितम्बर को होगी।

## रक्षा आयात पर निर्भर रहते हुए क्षेत्रीय महाशक्ति नहीं बन सकते है : कोविंद

**पणजी,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को कहा कि कोई भी देश रक्षा आयात पर निर्भर रहते हुए आर्थिक या क्षेत्रीय महाशक्ति बनने की आकांक्षा नहीं रख सकता है। इंडियन नेवल एविएशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोविंद ने यह भी कहा कि संकट के समय में भारतीय नौसेना की त्वरित और प्रभावी तैनाती ने पसंदीदा सुरक्षा भागीदार होने के भारत के दृष्टकोण को रेखांकित किया है। कोविंद ने कहा, जैसे ही हम पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ते हैं, हमें यह याद रखना चाहिए कि कोई भी देश अपनी रक्षा के लिए आयात पर निर्भर रहते हुए आर्थिक या क्षेत्रीय महाशक्ति बनने की आकांक्षा नहीं रख सकता है। भारत के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत के सबसे नए विमानवाहक पोत, नए विक्रांत ने समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने सभी क्षेत्रीय



राष्ट्रपति ने इंडियन नेवल एविएशन के कार्यक्रम को किया संबोधित

प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और हिंद-प्रशांत में मित्रों और भागीदारों के साथ अपने राजनयिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं।

#### स्वदेशीकरण में सबसे आगे रही है भारतीय नौसेना

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को कहा कि भारतीय नौसेना स्वदेशीकरण में सबसे आगे रही है और यह नौसेना की वर्तमान और भविष्य की अधिग्रहण योजनाओं में अच्छी तरह से परिलक्षित होती है, जो स्वदेशीकरण द्वारा संचालित हैं। भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुसरण में, भारतीय नौसेना विमानन ने उन्होंने मेक इन इंडिया अभियान के अनुरूप लगातार प्रगति की है।

### सार संक्षेप

#### बारामूला-बनिहाल ट्रैक पर ट्रेन सेवा बंद

**श्रीनगर।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के घाटी में एहतियातन सोमवार को पांचवें दिन भी ट्रेन सेवा बंद रही। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सोमवार को पांचवें दिन श्रीनगर-बड्गाम और बारामूला में ट्रेनें नहीं चली। इसी तरह दक्षिण कश्मीर में बड्गाम-श्रीनगर-अनंतनाग-काजीगुंड से जम्मू के बेनिहाल तक ट्रेन सेवा अवरुद्ध रही। प्रशासन और पुलिस के निर्देश पर गुरुवार को एतिहायती तौर पर ट्रेन सेवा को बंद कर दिया गया था। गत बुधवार रात श्रीनगर के बाहरी इलाके हैदरपोरा में अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी का निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी घाटी में हिंसा के कारण रेलवे को करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान उठाना पड़ा था। घाटी में ट्रेन सेवा अन्य उपलब्ध वाहनों की अपेक्षा सस्ती, तेज, आरामदायक और सुरक्षित है।

#### अहमदनगर में एक ही परिवार के तीन लोगों ने की आत्महत्या

**अहमदनगर।** महाराष्ट्र में अहमदनगर शहर के उपनगर केडगांव स्थित घर में माता-पिता के साथ एक नाबालिग लड़की के शव एक साथ लटके मिले। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मृतक की पहचान संदीप दिनकर फाटक, किरण संदीप फाटक और उनकी पुत्री मैथिली संदीप फाटक के रूप में हुई है। फाटक परिवार केडगांव उपनगर के अथर्व नगर के निवासी थे। स्थानीय लोगों द्वारा कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना देने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौरभ अग्रवाल, कोतवाली पुलिस निरीक्षक राकेश मनगांवकर, सहायक पुलिस निरीक्षक नितिन रणदीव और उप निरीक्षक सतीश शिरसाथ ने घटनास्थल का दौरा किया। घटना स्थल से आत्महत्या पर्ची बरामद की गयी। पुलिस ने आत्महत्या के संबंध में लिखी पर्ची जब्त कर ली है। पर्ची में लिखा गया है कि व्यावसायिक ऋण से परेशान होने के कारण आत्महत्या कर रहे हैं। पीड़ित परिवार का किराना का कारोबार था।

#### लातेहार में हाथियों ने दो युवकों को पटक कर मार डाला

**लातेहार।** झारखंड में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के मारंग लोया पंचायत में हाथियों के झुंड ने दो युवकों को पटक कर मार डाला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के हेबना गांव और मारंग लोया में हाथियों ने झुंड ने रविवार की रात दो युवकों की जान ले ली। मृतकों की पहचान हेबना गांव निवासी वीरेंद्र गंझु और मारंग लोया निवासी लखन उरांव के रूप में की गई है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों के पर्याप्त मुआवजा एवं हाथियों के भगाने की मांग को लेकर बालूमाथ-खलारी पथ को मारंग लोया पुलिस पिकेट के पास करीब बारह घंटे तक जाम रखा। घटना की सूचना के बाद पुलिस एवं वन विभाग के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा कर जाम खत्म कराया।

## पणजी में गणेश चतुर्थी के दौरान पटाखों, जुलूसों पर लगी रोक

#### दस सितम्बर से शुरू होगा गणेश चतुर्थी का पर्व

**झ्रपणजी,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। सोमवार को शहर के नागरिक निकाय द्वारा जारी लोकप्रिय, आगामी त्योहार के दिशानिर्देशों के तहत पणजी में गणेश चतुर्थी के जुलूस और पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पणजी के मेयर रोहित मोनसेरेट द्वारा जारी दिशा-निदेशों में कहा गया है कि विसर्जन स्थल पर आतिशबाजी का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। मूर्तियों को



विसर्जन स्थलों पर लाते समय किसी जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी। दिशानिर्देशों में यह भी कहा गया है कि गणेश समितियों को प्रदूषण से बचने के लिए आतिशबाजी और पटाखों का उपयोग नहीं करना है। किसी भी रूप में उत्सव की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्लास्टर ऑफ पेरिस गणेश मूर्तियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, दिशानिर्देश के तहत केवल दो व्यक्तियों और एक वाहन को दुकानों और कार्यशालाओं से मूर्तियों की डिलीवरी लेने की अनुमति हैं।

दिशानिर्देशों में कहा गया है कि सार्वजनिक गणेश के लिए सार्वजनिक सभा, उत्सव और कलाएं 50 प्रतिशत क्षमता और राज्य सरकार के एसओपी के अनुसार सीमित होंगी।

### कमलनाथ का मप्र सरकार पर आरोप

# सरकार में वादे के अनुरूप नहीं हुए काम

**बड़वानी,**6 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर वादे के अनुरूप काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि प्रदेश में वादे के अनुरूप काम नहीं किए गए, जिसके चलते युवा रोजगार के अभाव में भटक रहे हैं। कमलनाथ ने यहां आयोजित आदिवासी अधिकार जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नौजवानों का भविष्य प्रदेश में



आदिवासी अधिकार जन आक्रोश रैली को किया संबोधित

असुरक्षित हो गया है और रोजगार के अभाव में वह भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में वे मध्य प्रदेश का निर्माण कैसे कर पाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा सरकार ने एक लाख नौकरियों का वादा किया तथा अनेक घोषणाएं की गई, जिन्हें पूरा नहीं किया गया।

#### जनता को गुमराह करने का अभिनय करते हैं शिवराज : कांग्रेस

पूर्व मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे जनता को गुमराह करने की एक्टिंग करते हैं, अत: उन्हें मध्य प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए मुंबई चले जाना चाहिए। उन्होंने अपने आदिवासी जिले से होने का हवाला देते हुए बताया कि उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने छिंदवाड़ा भेज कर आदिवासियों की रक्षा और विकास करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने प्रदेश के आला अधिकारियों को छिंदवाड़ा का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां एक भी दिन रेमडेसिविर इंजेक्शन और ऑक्सीजन की कमी नहीं हुई।

## रायबरेली में सपा विधायक पर मुकदमा दर्ज

#### मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में हुई कार्रवाई

**रायबरेली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक मनोज कुमार पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि ऊंचाहार कोतवाली में शिवगढ़ इलाके के निवासी दिलीप कुमार ने ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने अपने विधानसभा क्षेत्र के पट्टी रहस कैथवल गांव में सार्वजनिक रूप से जनता को सम्बोधित करते हुए मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया था।

उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ था। इस संबंध में दिलीप कुमार की तहरीर पर पुलिस ने सपा विधयायके के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बिहार के पश्चिमी चंपारण में सेना के जवान ने तीन महिलाओं को गोली मारी

**पटना,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में सोमवार सुबह भारतीय सेना के एक जवान ने अपनी पत्नी सहित तीन महिलाओं पर गोलियां चला दीं।

आरोपी नरेश शाह दिल्ली छावनी में पदस्थापित था और छुट्टी पर बिहार आया था। घटना के वक्त वह नशे की हालत में था। शिकायतकर्ता और आरोपी की पत्नी अनीता शाह ने कहा, मेरे पति नशे की हालत में थे। उन्होंने



दिल्ली छावनी में पदस्थापित था आरोपी नरेश शाह

सुबह मेरे साथ मारपीट की। मैं घर से भागने में कामयाब रही और गांव में महिलाओं के एक समूह के पीछे छिप गई। मेरे पति डबल बैरल राइफल लेकर मेरी ओर भागे। उन्होंने महिलाओं को धमकी दी कि मुझसे सब दूर हट जाए, लेकिन महिलाएं मेरी जान बचाने के लिए दूर नहीं हटी।

परिणामस्वरूप, नरेश ने उन पर गोलियां चला दीं। अनीता के दोनों पैरों में दो गोलियां लगी हैं। इसके अलावा, एक महिला की पहचान पलमती देवी और एक लड़की की पहचान काजल कुमारी के रूप में हुई है, जिनके पैरों में भी गोलियां लगी हैं।

## देश में एक दिन में 44 हजार लोगों ने दी कोरोना को मात

#### पिछले 24 घंटों में कोरोना के 38,948 नए मामले आए

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के नए मामलों की तुलना में इससे ठीक होने वाले लोगों की संख्या अधिक रही और इस दौरान 44 हजार लोगों ने इस महामारी को मात दी। देश में रविवार को 25 लाख 23 हजार 089 लोगों को कोरोना के टीके लगाए गए।अब तक 68 करोड़ 75 लाख 41 हजार 768 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 38,948 नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 30 लाख 86 हजार 621 हो गया है। इस दौरान 43 हजार 903 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस



महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 21 लाख 82 हजार हो गई है। इसी अवधि में सक्रिय मामले 5,174 घटकर चार लाख 4 हजार 874 पहुंच गए हैं। इस दौरान 308 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 4,05,989 पहुंच गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर घटकर 1.23 फीसदी पहुंच गयी जबकि रिकवरी दर बढ़कर 97.44 फीसदी हो गई और मृत्यु दर 1.33 फीसदी है।

#### ओडिशा में कोविड के 609 नए मामले

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण में कमी आई है और 609 मामले सामने आए हैं। इस दौरान संक्रमण की दर 0.93 रही और कुल मामले बढ़कर 10,12,167 हो गए हैं। राज्य में यह दूसरा मौका है जब कोरोना के 609 मामले दर्ज किए हैं। इससे पहले 29 अगस्त को भी इतने ही मामले दर्ज किए गए थे राज्य में 25 अगस्त से कोरोना संक्रमण के मामले एक हजार से नीचे आ रहे हैं। इन 609 नए मामलों में से 354 क्वारंटीन केन्द्रों और 255 स्थानीय संपर्क के है और 122 मामले एक से आठ वर्ष के बच्चों में देखे गए हैं।

### झारखंड विधानसभा में भाजपा के हंगामे पर बोले हेमंत

# मन में यदि राक्षस हो, तो कहां मिलेंगे भगवान

**रांची,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा में नमाज के लिए कमरा आबंटित होने को लेकर हुए विपक्ष के हंगामे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नाराजगी प्रकट करते हुए सोमवार को यहां तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि मन में यदि राक्षस हो, तो भगवान कहां मिलेंगे। सोरेन ने विधानसभा के बाहर सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा,मन में अगर आस्था हो, तो भगवान सब जगह है, लेकिन मन में अगर राक्षस हो, तो सब जगह दुश्मन ही दुश्मन है।



विधानसभा में विपक्षी विधायकों का हंगामा दुर्भाग्यपूर्ण : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री ने विपक्षी विधायकों के हंगामे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि ऐसी मानसिकता की वजह से राज्य के विकास को अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही है। यह साबित हो गया है कि विपक्ष मुद्दाविहीन है। आज उनके हंगामे की वजह से सदन में मुख्यमंत्री प्रश्नकाल भी नहीं हो पाया। सदस्यों के पास सीधे मुझसे सवाल पूछने और जवाब पाने का अवसर था, लेकिन मुद्दाहीनता के बीच यह मौका उन्होंने गंवा दिया। सोरेन ने सदन के बाहर भाजपा सदस्यों के भजन-कीर्तन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि उनके मन में

#### भाजपा ने किया भजन कीर्तन

**रांची।** विस अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के नमाज कक्ष के फैसले के बाद से विधानसभा में जमकर हंगामा देखने को मिला। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के पहले विपक्षी विधायकों ने नियोजन नीति और भाषा, रोजगार, विधि व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया। विस में प्रदर्शन को लेकर भाजपा विधायक पूरी तैयारी के साथ ढोल, ताशा, मांदर के साथ पहुंचे थे।


### चिंता — नार्थ कश्मीर में विदेशी आतंकियों की संख्या बढ़ी

# कश्मीर में आतंकियों ने अभी तक 75 से अधिक बड़े हमलों को दिया अंजाम

**जम्मू, 6 सितम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के मोर्चे से दो बुरी खबरें हैं। पहली, नार्थ कश्मीर में अचानक विदेशी आतंकियों की बाढ़ आ गई है तो दूसरी अभी तक कश्मीर में हुए आतंकी हमलों में आतंकियों का सारा जोर राजधानी शहर श्रीनगर में रहा है जहां उन्होंने रिकार्ड हमले किए हैं। हालांकि सूत्रों के बकौल, विदेशी आतंकियों की संख्या को अफगानिस्तान के हालात से जोड़ कर नहीं देखा जा सकता।**

- पिछले साल सुरक्षाबलों ने कश्मीर वादी में 32 विदेशी आतंकियों को किया था ढेर
- इस साल अभी तक आतंकी हमलों में 15 के करीब सुरक्षाकर्मी हुए हैं शहीद

रक्षा सूत्रों के बकौल, नार्थ कश्मीर अर्थात बारामुल्ला, बांडीपोरा तथा कुपवाड़ा के



एलओसीसे सटे तीनों जिलों में अनुमानत: 50 से 60 आतंकी हैं और इनमें 11 से 12 ही लोकल हैं।

हालांकि सूत्रों के बकौल, विदेशी आतंकियों की संख्या को अफगानिस्तान के हालात से जोड़ कर नहीं देखा जा सकता क्योंकि उनकी संख्या में इजाफा पिछले 2 से 3 महीनों के बीच देखा गया है।

इन अधिकारियों के बकौल, नार्थ कश्मीर के प्रति चिंता का विषय यह था कि पहली बार साउथ कश्मीर की बनिस्बत नार्थ कश्मीर में ज्यादा आतंकी हलचल को देखा जा रहा है। हालांकि पिछले साल सुरक्षाबलों ने कश्मीर वादी में 32 विदेशी आतंकियों को ढेर किया था और इस बार अभी तक मात्र 9 ही मारे गए हैं। अर्थात बाकी अभी भी पहुंच से बाहर हैं।

आतंकवाद के मोर्चे पर दूसरी चौंकाने वाली खबर यह है कि आतंकियों ने इस बार अभी तक कश्मीर में 75 से अधिक बड़े हमलों को अंजाम दिया है। चर्चा का विषय यह नहीं है कि कितनों में उन्हें कामयाबी मिली और कितनों में नाकामी, बल्कि चिंता और चर्चा का विषय यह है कि 20 परसेंट से अधिक अर्थात 16 के करीब खतरनाक हमले सिर्फ श्रीनगर में ही हुए।

यही नहीं इस साल अभी तक आधिकारिक तौर पर आतंकी हमलों में 15 के करीब सुरक्षाकर्मी भी शहीद हुए। जिनमें से आधे श्रीनगर में हुए हमलों में ही मारे गए। वैसे यह भी सच है कि कश्मीर में इस बार मारे गए आतंकी कमांडरों में से एक अच्छी खासी संख्या में श्रीनगर में ही मारे गए जिससे यह साबित होता था कि श्रीनगर जिला अब आतंकवाद का नया मैदान बनता जा रहा था जिसके प्रति सुरक्षाधिकारी कई बार यह दावा कर चुके थे कि श्रीनगर आतंकवाद मुक्त है।

# रवि शास्त्री के साथ फील्डिंग व गेंदबाजी कोच भी हुए कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ-साथ फील्डिंग कोच आर श्रीधर और गेंदबाजी कोच भरत अरुण लंदन में कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। तीनों अगले 10 दिनों तक क्वारंटीन में रहेंगे। रवि, श्रीधर, भरत और फिजियोथेरेपिस्ट नितिन पटेल शनिवार को रैपिड एंटीजन टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए थे, जिसके बाद उन्हें एहतियात के तौर पर आइसोलेशन में भेज दिया गया था। रविवार को इन सभी को वास्तविक आरटीपीसीआर टेस्ट किया गया, जिसमें रवि, श्रीधर और भरत पॉजिटिव पाए गए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बारे में एक बयान में कहा, उनका आरटी-पीसीआर टेस्ट हुआ है और वे लंदन में टीम होटल में ही रहेंगे और भारतीय टीम के साथ तब तक यात्रा नहीं करेंगे जब तक कि




## पंत को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने की जरुरत : मदन लाल

भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी मदन लाल का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने की जरुरत है बजाय कि वह इधर उधर शॉट खेल कर आउट हो जाएं। मदन लाल ने कहा, कल उन्होंने दूसरी पारी के दौरान अपने आप को परिस्थितियों के अनुकूल ढ़ाला जो कि सराहनीय है। वह एक अच्छे और टीम के लिए मूल्यवान खिलाड़ी हैं, उन्हें क्रीज पर और समय बिताने की जरुरत है बजाय कि वह लचीला शॉट खेल कर आउट हो जाएं। बांए हाथ के बल्लेबाज पंत ने रविवार को दूसरी पारी के दौरान 106 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली। यह पंत का इस सीरीज में पहला अर्धशतक था।

मेडिकल टीम से पुष्टि नहीं हो जाती। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के डॉक्टर मुथुस्वामी और फिजियो योगेश परमार सहित अन्य लोगों की मौजूदगी वाली बीसीसीआई की मेडिकल टीम भारतीय टीम के सदस्यों की निगरानी कर रही है। इसके अलावा इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा नियुक्त स्वास्थ्यकर्मियों की एक आम कोविड टीम है जो दोनों टीमों का कोरोना टेस्ट करती है। दोनों टीमों के सदस्यों का हर दिन आरटी-पीसीआर के साथ-साथ रैपिड एंटीजन टेस्ट भी होता है।

भारतीय टीम पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए मैनचेस्टर रवाना होगी जो 10 सितंबर से शुरू होगा। मुख्य कोच रवि शास्त्री समेत सपोर्ट स्टाफ के चार सदस्य पूरी तरह ठीक होने के बाद ही मैनचेस्टर की यात्रा कर पाएंगे।

# ब्राजील-अर्जेंटीना के बीच फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले रद्द

**साओ पाउलो,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के चार खिलाड़ियों की ओर से कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन किए जाने के बाद मेजबान ब्राजील और अर्जेंटीना के बीच खेले जाने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले रद्द कर दिए गए हैं। ब्राजील के स्वास्थ्य नियामक अंविसा के अधिकारी खेल रोकने के आदेश लेकर मैच शुरू होने के सात मिनट बाद आयोजन स्थल कोरिंथियंस एरिना पिच पर पहुंचे। अंविसा के अनुसार प्रीमियर लीग के खिलाड़ी एमिलियानो मार्टिनेज, जियोवानी लो सेल्सो, क्रिस्टियन रोमेरो और एमिलियानो बेंडिया ने ब्राजील में आने वाले यात्रियों के लिए अनिवार्य प्रवेश नियमों का उल्लंघन किया है। दरअसल कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लागू किए गए नियमों के अनुसार अन्य देशों के नागरिकों के देश में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है अगर वे पिछले 14 दिनों में यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण अफ्रीका, उत्तरी आयरलैंड और भारत से गुजरे हैं।

अंविसा ने मैच से कुछ घंटे पहले जारी एक बयान में खिलाड़ियों पर इमिग्रेशन फॉर्म को लेकर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया और उन्हें तुरंत आइसोलेशन में भेजने का का आदेश दिया। स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा, अंविसा देश में मौजूदा स्थिति को एक गंभीर स्वास्थ्य जोखिम मानती है और इसलिए स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों को खिलाड़ियों को तत्काल क्वारंटीन में भेजने की सलाह दी गई है, जिन्हें किसी भी गतिविधि में भाग लेने से रोका जाएगा। उन्हें ब्राजील के



क्षेत्र में नहीं रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी और ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार सहित दोनों टीमों के खिलाड़ियों और कोचों ने खेल रोके जाने के बाद अंविसा के अधिकारियों से लंबी बातचीत की। मेसी को अधिकारियों से यह पूछते हुए सुना गया कि अगर अधिकारियों को पहले से ही प्रोटोकॉल उल्लंघन के बारे में पता था तो मैच को शुरू करने की अनुमति क्यों दी गई। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कोलोनी ने भी मेसी की इस बात का समर्थन किया है। इस पर दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ (कोनमेबोल) ने एक बयान में कहा, रेफरी और मैच अधिकारी फीफा अनुशासन समिति को एक रिपोर्ट देंगे और वे तय करेंगे कि इस मामले में क्या कदम उठाना है। कोच लियोनेल स्कोलोनी ने कहा, यह मुझे बहुत दुखी करता है। मैं किसी दोषी की तलाश नहीं कर रहा हूं। चाहे कोई गलत काम हुआ हो या नहीं, यह हस्तक्षेप करने का समय नहीं था।

# स्पेन के कार्लस और कनाडा की लेयला यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। स्पेन के कार्लस अल्काराज और कनाडा की युवा टेनिस खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज का यूएस ओपन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी है। दोनों खिलाड़ियों ने यहां रविवार को अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हरा कर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

18 वर्षीय अल्काराज जर्मनी के अनुभवी खिलाड़ी पीटर गोजॉजिक को 5-7, 6-1, 5-7, 6-2, 6-0 से हराकर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बने। वहीं तीसरे दौर में गत यूएस ओपन चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका को हराने वाली लेयला फर्नांडीज ने 2016 की विजेता जर्मनी की एंजेलिक कर्बर को 4-6 7-6 (5) 6-2 से हराया। उनका सामना अब पांचवीं






वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना से होगा, जिन्होंने सिमोना हालेप को 6-3, 6-3 से हराया है। इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त बेलारूस की आर्यना सबलेंका ने अपनी पूर्व युगल जोड़ीदार बेल्जियम की एलिस मर्टेंस को 6-4, 6-1 से हराकर पहली बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वह अब फ्रेंच ओपन की विजेता चेक रिपब्लिक की बारबोरा क्रेजिसिकोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने सांस लेने में दिक्कत के बावजूद दो बार की ग्रैंड स्लाम विजेता गार्बाइन मुगुरुजा को 6-3, 7-6 (4) से हराया है।

विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी रूस के डेनियल मेदवेदेव ने ब्रिटेन के डैन इवांस को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया है। उनका अगला मुकाबला नैदरलैंड के बॉटिक वैन डे जैंड्सचुल्प से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीनियाई खिलाड़ी डिएगो श्वार्ट्जमैन को 6-3, 6-4, 5-7, 5-7, 6-1 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो को 4-6, 6-2, 7-6(6), 6-4 से हराया है।

# न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को 52 रन से हरा कर 2-1 किया स्कोर

ढाका, 6 सितंबर (एजेंसियां)। लेफ्ट आर्म स्पिनर एजाज पटेल (4/16) और कोल मैककोन्ची (3/15) की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने यहां रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में मेजबान बंगलादेश के खिलाफ 52 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इसी के साथ पांच मैचों की यह सीरीज अब 2-1 पर खड़ी है।

टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने निचले क्रम के बल्लेबाजों हेनरी निकोल्स (36) और टॉम ब्लेंडल (30) की शानदार नाबाद पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट खो कर 128 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। जवाब में बंगलादेश की टीम 19.4 ओवर में 76 रन पर ही ढेर हो गई। हेनरी ने तीन चौकों




की मदद से 29 गेंदों पर 36 और टॉम ने तीन चौकों के सहारे 30 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए। इसके अलावा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों रचिन रवींद्र और विल यंग ने 20-20 रन बनाए।

आयरलैंड की जीत के हीरो रहे लेफ्ट आर्म स्पिनर एजाज पटेल और कोल मैककोन्ची ने घातक गेंदबाजी करते हुए क्रमशः चार ओवर में 16 रन देकर चार और चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि रचिन रवींद्र, स्कॉट कुगलेइज्न और कॉलिन दी ग्रैंडहोम ने एक-एक विकेट लिया। मैच में सबसे सफल गेंदबाज रहने के लिए एजाज पटेल को ' प्लेयर ऑफ द मैच ' चुना गया।

# मिस्बाह और वकार ने पाकिस्तान टीम का कोच पद छोड़ा

**लाहौर,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के मुख्य कोच मिस्बाह उल हक और गेंदबाजी कोच वकार युनिस ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी। मिस्बाह और वकार को सितंबर 2019 में नियुक्ति किया गया था और इनके कार्यकाल में अभी एक साल बाकी था।

पीसीबी ने बताया कि सकलेन मुश्ताक और अब्दुल रजाक न्यूजीलैंड सीरीज के लिए अंतरिम कोच के रुप में टीम मैनजमेंट के साथ जुड़ेंगे। मुश्ताक फिलहाल नेशनल हाई परफॉरमेंस सेंटर में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डेवल्पमेंट के प्रमुख के रुप में कार्य कर रहे हैं। रजाक खाईबर पखतुनखवा टीम के कोच हैं। इसमें यह भी कहा गया कि




आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2021 के लिए टीम प्रबंधन की नियुक्ति नियत समय में की जाएगी। मिस्बाह और वकार का इस्तीफा घरेलू सीरीज और टी20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद आया है। मिस्बाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, वेस्टइंडीज सीरीज के बाद जमैका में क्वारंटीन ने मुझे पिछले 24 महीनों के साथ-साथ आगे के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के कार्यक्रम को प्रतिबिंबित करने का अवसर प्रदान किया। यह देखते हुए कि मुझे अपने परिवार से काफी दूर रहना पड़ता और वह भी बायो सिक्योर प्रोटोकॉल में, इसलिए मैंने अपने पद से हटने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि यह समय आदर्श नहीं हो सकता है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं आने वाली चुनौतियों के लिए सही सोच में हूं।

# एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत ओलंपिक के लिए करेंगे क्वॉलिफाई : मनप्रीत

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। कप्तान मनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के जर्मनी को 5-4 से हरा कर टोक्यो ओलंपिक में कांसा जीते अब एक महीना बीत चुका है। भारत के कप्तान मनप्रीत सिंह का मानना है कि अब टोक्यो ओलंपिक में कांसा जीतने की खुमारी से उबर कर अब फिर से एकाग्र होकर 2022 के व्यस्त हॉकी कैलंडर पर ध्यान लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ हफ्ते शानदार रहे। लोगों ने दिल खोलकर टोक्यो ओलंपिक में हमारी कांस्य पदक के रूप में कामयाबी को सराहा और प्यार बरसाया। हमने सभी जश्नों का पूरा लुत्फ उठाया। हमें जो सम्मान और सराहना मिली उससे मैं अभिभूत हूं। अब यह सोचने की जरूरत है कि हम 2022 में और कैसे और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

सबसे अहम एशियाई खेल 10 से 25 सितंबर, 2022 तक हांगजू, जीजियांग(चीन) में होंगे और भारतीय हॉकी टीम की सबसे बड़ी प्राथमिकता इसमे स्वर्ण पदक जीत कर 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वॉलिफाई




करना है। भारत के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा, पिछली बार एशियाई खेलों में मात्र कांसा जीत कर हम सीधे ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने से चूक गए थे। हम खुशकिस्मत थे कि हमने एफआईएच ओलंपिक क्वॉलिफाइंग मैच भारत में खेले और इसी पर हम फिर निर्भर नहीं कर सकते। हमारे लिए सबसे बेहतर होगा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत सीधे ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना। सीधे से क्वॉलिफाई करने से हमें 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारियों के लिए पर्याप्त वक्त मिल सकेगा। ओलंपिक में भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों का बढिया़ प्रदर्शन करना भारतीय हॉकी के लिए नया आगाज है। ओलंपिक में कांसे के रूप में ऐतिहासिक कामयाबी के बाद मिले समर्थन से हॉकी की लोकप्रियता बढ़ेगी। मेरा मानना है कि यह भारतीय हॉकी के लिए नया आगाज है। भारतीय महिला हॉकी टीम के भी ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करने से हॉकी को वही समर्थन मिलने लगा रहा जो पहले कभी मिला करता था। मुझे देश के अलग-अलग काम करने वाले लोगों ने बताया कि उन्होंने सुबह जल्दी उठकर हमारे मैच उसी तरह देखे जिस तरह भारतीय हॉकी के सुनहरे दौर मे हॉकी प्रेमी रेडियो से चिपके रहकर हॉकी मैचों की कमेंट्री सुलते थे। टोक्यो ओलंपिक के बाद हमने जो प्रशंसक बनाए है वह सामान्य तौर पर हॉकी के लिए बहुत अच्छा है। अब यह हम पर हैं कि अपने इन हॉकी प्रशंसकों को बड़ा कमाल दिखाएं जिससे कि उनका समर्थन हमें मिलता रहे और हॉकी की लोकप्रियता और बढ़े।

# मेरा इरादा हमेशा अपनी टीम को किसी भी स्थिति से जिताने का रहेगा : राहुल तेवतिया

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। लेग स्पिनर और निचले क्रम के आतिशी बल्लेबाज राहुल तेवतिया आईपीएल 2020 में किंग्स इलेवन पंजाब के शेल्डन कोल्ट्रेल के एक ओवर मे पांच छक्के जड़कर राजस्थान रॉयल्स को तीन गेंदों के बाकी रहते चार विकेट से जिता कर खासे समय सुर्खियों में रहे। राजस्थान रॉयल्स संयोग से अब करीब एक पखवाड़े के बाद आईपीएल 2021 के बाकी और दूसरे हाफ में अपने अभियान का आगाज यूएई में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच से ही करेगी। 28 बरस के राहुल तेवतिया आईपीएल में 41 मैचों में 26 विकेट चटकाने के साथ 452 रन भी बना चुके हैं।

राहुल तेवतिया ने कहा, मेरी निगाहें यूएई में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल 2021 में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ नहीं के बाकी दूसरे हाफ के सभी सातों मैचों पर लगी है। मैं राजस्थान रॉयल्स के लिए अब बाकी सभी मैच मजबूत इरादे और शिद्दत से खेलना चाहता हूं। बेशककिंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच की मेरे जेहन में कुछ खास और सुखद यादें हैं। ये यादें मुझे किंग्स इलेवन के खिलाफ पिछला प्रदर्शन दोहराने का भरोसा और आत्मविश्वास देती है। मेरा इरादा हमेशा अपनी टीम को किसी भी स्थिति से जिताने का रहेगा। जहां तक आईपीएल में पहले हाफ में मेरे प्रदर्शन की बात है तो मैं उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया। अब यूएई में आईपीएल 2021 में बाकी दूसरे हाफ के सभी सात मैचों में मैं अपना प्रदर्शन बेहतर करने की पुरजोर कोशिश करूंगा। मेरा लक्ष्य टीम के प्रदर्शन में योगदान करना और मैं निचले क्रम के बल्लेबाज के रूप में बतौर फिनिशर बढिया प्रदर्शन करना है। हम पहले हाफ में सात मे तीन मैच ही जीत पाए जबकि कई मैच बेहद संघर्षपूर्ण और करीबी रहे। कुल मिलाकर हमने कई मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया। हमारी टीम यूएई में आगामी मैचों में और



- मेरा लक्ष्य निचले क्रम पर बतौर फिनिशर बढिया प्रदर्शन करना है
- मैं अपनी स्वाभाविक बल्लेबाजी जारी रखना चाहता हूं
- दुबई और अबू धाबी के कुछ बड़े मैदान स्पिनरों के लिए मुफीद रहेंगें
- अहम है मैदान की बाबत ज्यादा न सोच एकाग्र हो रणनीति को अमली जामा पहनाना

बढिया प्रदर्शन की उम्मीद है।'

दाएं हाथ के लेग स्पिनर राहुल तेवतिया ने ऑफ सीजन में अपना ज्यादतर वक्त फरीदाबाद में अपने घर पर ही बिताया। वह कहते हैं, मैंने इस दौरान कुछ खास चीजों पर ध्यान लगाया। गेंदबाजी के लिहाज जहां कुछ बेहतर करने की जरूरत थी मैंने उस इस दौरान मेहनत की। जब आप बराबर खेलते रहते तो तब आपको इसका अहसास ही नहीं हो पाता। मसलन आपकी कलाई की स्थिति सही नहीं होती है। आफ सीजन में मुझे इस पर मेहनत करने और सही लय के साथ गेंदबाजी करने का मौका मिला। बल्लेबाजी में मैं इसमें ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहता। मैं अपनी स्वाभाविक बल्लेबाजी जारी रखना चाहता हूं। मैं प्रक्रिया को बनाए रखते हुए उन चीजों को जारी रखना चाहता हैं, जिनसे मुझे अच्छे नतीजे मिले। मैं बस अपनी ताकत पर भरोसा करता हूं। मुझे टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एटी राजामणि प्रभु के मार्गदर्शन में अभ्यास कर अपनी ताकत, चुस्ती-फुर्ती पर मेहनत करने का मौका मिला, जो खासा अहम है। आप देखेंगे कि हमारी पूरी टीम ने अपनी फिटनेस बरकरार रखी है और यह मैदान पर भी दिखेगा।'

राहुल तेवतिया बताते हैं, जहां तक यूएई में स्थितियों की बात है तो मैं इनसे वाकिफ हूं। मेरा मानना है कि दुबई और अबू धाबी के कुछ बड़े मैदान स्पिनरों के लिए मुफीद रहेंगे। बीते बरस विकेट अच्छी रही थी। यूं भी जब आप बड़े मैदान पर खेलते हैं तो बतौर गेंदबाज आपको इस फायदा मिलता है। हालांकि शारजाह का मैदान कुछ छोटा है और इस बड़ा स्कोर बनता है। जो भी टीम शारजाह में बड़ा स्कोर बनाएगी उसके पास जीत का ज्यादा मौका होगा। अहम है मैदान की बाबत ज्यादा न सोचते हुए एकाग्र होकर अपनी रणनीति को अमली जामा पहनाना है।

पिछले साल आईपीएल में दमदार प्रदर्शन के चलते ही राहुल तेवतिया को भारतीय टीम के लिए बुलावा जरूर आया भले ही वह भारत की अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाए।

## संक्षिप्त समाचार

### खो खो के कोच सुमित भाटिया को मिला दिल्ली सरकार से बेस्ट कोच का अवार्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा त्यागराज स्टेडियम में आयोजित राज्य शिक्षक पुरस्कार समारोह में खो-खो के कोच सुमित भाटिया ने 'सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार' की ट्रॉफी जीती। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सुमित को ट्रॉफी प्रदान की। सुमित दिल्ली स्पोर्ट्स ब्रांच में कोच हैं। सुमित का जीजीएसएसएस नंबर 3 बदरपुर में एक सेंटर है जहां बदरपुर और दक्षिणी दिल्ली के बच्चों को खो-खो में प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी प्रवीण निशा को भी प्रशिक्षित किया है। 2016 में निशा ने उप कप्तान के रूप में 12वां दक्षिण एशियाई खेल खेला और भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। 2016 में सुमित को डीएवी सेक्टर 37 में तीसरी एशियाई खो-खो चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम के कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। टीम ने बाद में गोल्ड जीता। वह चौथी एशियाई खो-खो चैंपियनशिप में भी भारतीय महिला टीम के कोच थे, लेकिन कोविड 19 के कारण यह कार्यक्रम स्थगित हो गया था।

### जैगुआर फाउंडेशन ने भारतीय पैरालंपियन सुमित अंतिल को समर्थन देने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** जैगुआर ग्रुप की जैगुआर फाउंडेशन ने पैरालंपिक खेलों 2024 के लिए प्रशिक्षण और उपकरण के लिए भारतीय पैरालंपिक एथलीट सुमित अंतिल को लगातार समर्थन देने की घोषणा की है। कंपनी ने अंतिल और उनके जैसे हजारों अन्य युवा एथलीटों को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह घोषणा की है, जो भारत को विश्व खेल के नक्शे पर चमकाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सुमित ने कल समाप्त हुए टोक्यो पैरालंपिक खेलों 2020 में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता है। जैगुआर फाउंडेशन की ओर से सुमित को अंतरराष्ट्रीय मानक के कृत्रिम पैर, एक विश्व स्तरीय भाला फेंक इकाई, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार आवश्यक संख्या में भाले शामिल हैं, आवश्यकतानुसार घरेलू या विदेश में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कोचों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अग्रिम प्रशिक्षण और विशेषज्ञ आहार विशेषज्ञ के निर्देशानुसार सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला आहार और पूरक चीजें उपलब्ध कराई जाएंगी।

### पांचवें टी-20 मैच में हार के बावजूद आयरलैंड ने जीती सीरीज

डबलिन, 6 सितंबर (एजेंसियां)। कप्तान क्रेग एर्विन (67) के नाबाद अर्ध शतक और गेंदबाजों ल्यूक जोंगवे (3/29) और डोनाल्ड तिरिपानो (3/31) के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत जिम्बाब्वे ने यहां शनिवार को पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में मेजबान आयरलैंड को पांच रन से हरा दिया। हार के बावजूद हालांकि आयरलैंड ने 3-2 से सीरीज जीत ली। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खो कर 124 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया, जिसमें कप्तान एर्विन का अहम योगदान रहा। उन्होंने सात चौकों और एक छक्के की मदद से 57 गेंदों पर 67 रन बनाए।

# जैसन मोमोआ फिर एक्शन में

## सुपरहिट 'अक्वामैन' की सीक्लेव की शूटिंग शुरू

अगले महीने होने जा रहे डीसी फैनडम से पहले डीसी कॉमिक्स के चर्चित किरदार अक्वामैन की दूसरी फिल्म 'अक्वामैन एंड द लास्ट किंगडम' की पहली झलक सामने आ गई हैं। फिल्म के हीरो जैसन मोमोआ ने इसकी शूटिंग शुरू करने से पहले फिल्म में अपने किरदार की झलक अपने प्रशंसकों के साथ सोशल मीडिया पर साझा की। फिल्म की शूटिंग इंग्लैंड में शुरू होने जा रही है। पहली बार फिल्म 'जस्टिस लीग' में नजर आए अक्वामैन पर डीसी कॉमिक्स की पहली फिल्म 'अक्वामैन' तीन साल पहले रिलीज हुई थी। फिल्म ने तब बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कामयाबी हासिल की थी और डीसी कॉमिक्स के प्रशंसक तभी से इसकी सीक्वेल की आस लगाए बैठे हैं। होनोलूल, हवाई में जन्मे जैसन बीते महीने ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म 'स्वीट गर्ल' में नजर आए थे। निर्देशक जेम्स वान की फिल्म 'अक्वामैन' 2018 में रिलीज हुई। इस फिल्म में जैसन मोमोओ ने आर्थर करी और अक्वामैन का किरदार निभाया था। आर्थर करी को फिल्म में एक सामान्य जिंदगी जीते दिखाया गया और फिर एक दिन उसे अपनी असीमित शक्तियों का एहसास होता है। उसकी मां समुद्र में रहने वाली प्रजाति की राजकुमारी थी जिसे धरती पर रहने वाले एक लाइटहाउस कीपर से प्यार हो जाता है। दोनों की संकर संतति के रूप में जन्मे आर्थर करी को परिस्थितियां वहां ले जाती हैं जहां से उसकी मां आईं थीं। अब इस फिल्म की सीक्वेल फिल्म 'अक्वामैन एंड द लास्ट किंगडम' के रूप में बनने जा रही है। इस फिल्म में अपने आकर्षक लुक को जैसन मोमोओ ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ साझा किया।



फिल्म से दो तस्वीरें मोमोआ ने जारी की हैं। पहली फोटो में वह हरे और केसरिया रंग के सूट में दिखते हैं और यह तस्वीर पहली फिल्म की याद दिलाती है। जबकि दूसरी तस्वीर कुछ अलग है। इस तस्वीर में मोमोआ ने काले रंग का सूट पहना है और ये कहानी में आने वाले नए मोड़ की तरफ भी इशारा करती है। मोमोआ ने इस तस्वीर के बारे में लिखा, 'सेकंड राउंड, मोर एक्शन! फिल्म 'अक्वामैन एंड द लास्ट किंगडम' की इन दोनों तस्वीरों के अलावा जैसन मोमोआ ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किया जिसमें वह कह रहे हैं, 'आखिरकार मैं इंग्लैड आ चुका हूं। धूप खिली हुई है। ये बहुत ही आश्चर्यजनक है और मैं कल से फिल्म 'अक्वामैन 2' की शूटिंग शुरू करने जा रहा हूं। ये गेहुए रंग का आखिरी दिन है। मैं ब्लॉन्ड हे जा रहा है। और, इसमें और ज्यादा मजा आने वाला है। हालांकि इसके बारे में मुझे पता नहीं है। हम इसे करके देखेंगे। मैं जेम्स और अपनी पूरी कास्ट से मिलने के लिए बेताब हूं।' पहली फिल्म के निर्देशक जेम्स वान ही जैसन मोमोआ की ये सीक्वेल फिल्म 'अक्वामैन एंड द लास्ट किंगडम' निर्देशित करने जा रहे हैं। सीक्वेल के बारे में फिल्म के निर्देशक जेम्स बान कहते हैं, 'ये प्लैनेट ऑफ वैम्पायर्स से बहुत ज्यादा प्रेरित है। आप किसी बालक को डर से तो बाहर ला सकते हैं लेकिन आप डर को कभी बालक से बाहर नहीं ला सकते।' वान के मुताबिक, 'पहली फिल्म के समय लोग इस कॉमिक्स के बारे में ज्यादा नहीं जानते थे जिसकी दुनिया एक बहुत ही हैरतभरे जगत में रची गई। लोगों को ये बात अजीब लही कि मैने सब कुछ उस फिल्म में नहीं डाला और फिल्म को डार्क फिल्म के रूप में नहीं पेश किया। लेकिन मुझे लगता है कि तब ये ठीक नहीं होता। लेकिन अब लोगों के लिए ये देखना आसान होगा क्योंकि इसकी नींव पहली फिल्म में रखी जा चुकी है।



# उर्वशी रौतेला

## ने शीशे के सामने खड़े होकर धीरे-धीरे हटा दिया टॉप

उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की खूबसूरत ऐक्ट्रेसस में से एक हैं। वह अपनी तस्वीरें और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उवर्शी ने रीसेंटली एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में वह एक आउटफिट ट्राई करती दिख रही हैं। उर्वशी काफी प्यारी दिख रही हैं। वीडियो में वह अपना टॉप हटाकर देख रही हैं, इस पर कुछ लोगों ने ट्रोल किया है वहीं कई फैंस उनके लुक की तारीफ भी कर रहे हैं। उर्वशी रौतेला अपने फैशन को लेकर हमेशा सजग रहती हैं। वह अक्सर खूबसूरत आउटफिट्स में अपनी फोटोज और वीडियोज शेयर करती हैं। रीसेंटली उन्होंने ट्रायल रूम का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह मिनी स्कर्ट और टॉप पहने हैं। टॉप के अंदर उन्होंने खूबसूरत ब्रालेट पहन रखी है। वीडियो में उर्वशी अपना टॉप हटाकर आउटफिट चेक करती दिख रही हैं। इस पर कुछ लोगों ने उनको ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा है, दिखाना क्या चाहती हो मैम। एक और फॉलोअर ने भी ऐसा ही कॉमेंट किया है। वहीं एक ने तारीफ में लिखा है, माचिस की जरूरत किसे है, हमारे पास उर्वशी है। उर्वशी अपने लुक्स के साथ अपनी फिटनेस को लेकर बेहद सजग हैं। वह अक्सर अपने वर्कआउट के वीडियोज डालती हैं। इन वीडियोज में उनकी कड़ी मेहनत दिखाई देती है। हाल ही में उन्होंने अपने बचपन की तस्वीर शेयर की थी और अपने फैंस से कहा था कि उन्हें पहचानें। उर्वशी के कई फैंस ने उनके पहचान लिया था। वह फ्रंट रो में टीचर के बगल में बैठी थीं।

## सोशल मीडिया

# अर्जुन कपूर के हेयर स्टाइल पर फिदा मलाइका



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा रिलेशनशिप में हैं। दोनों ही एक-दूसरे के साथ भरपूर वक्त बीताते हैं और सोशल मीडिया पर एक-दूसरे की तारीफ करने के साथ ही साझा तस्वीरें भी शेयर करते हैं। बॉलीवुड की इस जोड़ी का रोमांस अक्सर सुर्खियों में रहता है। ये जोड़ा रोमांटिक वकेशंस के साथ-साथ अक्सर डिनर और पार्टियों में भी साथ नजर आता रहता है। हालांकि, मलाइका और अर्जुन कपूर अपने इस रिश्ते को ऑफिशल कर चुके हैं। मलाइका अक्सर अपने ब्वॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर पर प्यार बरसाते रहती हैं। जब भी ये जोड़ा सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हैं, तो वो तेजी से वायरल हो जाता है। अपने रिलेशनशिप को सार्वजनिक करने के बाद ये रोमांटिक जोड़ा एक-दूसरे के प्यार में डूबा रहता है। दोनों एक-दूसरे की पोस्ट पर कमेंट कर जमकर फ्लर्ट भी करते रहते हैं। रविवार को मलाइका ने इंस्टाग्राम पर एक शॉर्ट क्लिप शेयर किया है। जिसमें अर्जुन कपूर अपने हालिया फोटोशूट के कूल लुक में दिख रहे हैं। इसमें अर्जुन कपूर की स्माइल और स्टाइल देखने लायक हैद्य इसी वीडियो को शेयर करते हुए मलाइका अरोड़ा ने अपने ब्वॉयफ्रेंड पर जमकर प्यार बरसाया है। अर्जुन कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो शेयर किया है, जिसमें दिल वाला इमोजी बनाकर कमेंट किया है। इन दिनों अर्जुन कपूर अपनी अगली फिल्म भूत पुलिस के प्रमोशन में बिजी हैं। जिसके कारण वो सोशल मीडिया पर ज्यादा ही ऐक्टिव दिखते हैं। अपने लेटेस्ट तस्वीरों और वीडियो में अर्जुन अपनी हेयरस्टाइल का जलवा दिखा रहे हैं। जिसकी तारीफ उनकी प्रेमिका मलाइका भी कर रही है। मलाइका और अर्जुन दोनों अक्सर एक-दूसरे के साथ टाइम स्पेड करते दिखते हैं। आपको बता दें कि अर्जुन कपूर को डेट करने से पहले मलाइका अरोड़ा की शादी अरबाज खान से हुई थीद्य दोनों की ही इस जोड़ी की बॉलीवुड में मिसाल दी जाती थी।लेकिन बाद में मलाइका और अरबाज ने अपने रिलेशनशिप को खत्म कर तलाक ले लिया और मलाइका अर्जुन कपूर के साथ डेट करने लगीं। मलाइका और अर्जुन कपूर ने अपने रिलेशनशिप को स्वीकार तो कर लिया है, लेकिन अभी तक इस जोड़े ने अपनी शादी की पुष्टि नहीं की है। फैंस को मलाइका और अर्जुन कपूर के शादी का इंतजार है।





# दिशा पाटनी

## का फ्लिप वीडियो वायरल, सोशल मीडिया पर मचा बवाल

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी फिटनेस फीक हैं। दिशा अपनी फिटनेस को लेकर हमेशा चर्चा का विषय बनी रहती हैं। दिशा के वर्क आउट वीडियोज इंटरनेट पर सुर्खियां बटोरते नजर आते हैं ।हाल ही में एक्ट्रेस के एक नए वर्क आउट वीडियो ने सोशल मीडिया पर धमाल मचा रखा है।

इस रॉकिंग वीडियो में दिशा पहले पंच करते हुए नजर आ रही है इसके बाद वह हवा में ही जबरदस्त तरीके से ट्विस्ट होकर कीक करती हुई नजर आई। वीडियो के लास्ट में दिशा हवा में फ्लिप करते हुए नजर आई।फैंस को दिशा का यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है । बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ ने दिशा के शानदार skills से प्रभावित होकर वीडियो पर क्लप,, फायरऔर लव इमोजी के साथ अपना रिएक्शन दिया है । वर्क फ्रंट की बात करें तो दिशा आखरी बार सलमान खान संग राधे फिल्म में नजर आई थी। दिशा अब जॉन अब्राहम ,अर्जुन कपूर और तारा सुतारिया के साथ एक विलन रिर्टंस में नजर आएंगी यह फिल्म 11 फरवरी 2022 को रिलीज होगी।

# सिद्धार्थ शुक्ला की वीडियो देख खुद को नहीं संभाल पाए करण जौहर



बिग बॉस ओटीटी में अपनी मौत से कुछ दिन पहले सिद्धार्थ शुक्ला शहनाज गिल के साथ आये थे। घर में मौजूद लोगों से उन्होंने ढेर सारी बात की थी। इनके खेल के बारे में भी बात की। सिद्धार्थ शुक्ला बिग बॉस 13 के विजेता थे और वह अब तक के बिग बॉस के सबसे पसंदीदा व्यक्ति थे। अचानक उनकी मौत ने सभी को हैरान कर दिया। सिद्धार्थ शुक्ला के फैंस, दोस्त, परिवार सहित करोड़ों लोगों के लिए यह एक बहुत बड़ा झटका था। बिग बॉस ओटीटी में करण जौहर ने रविवार का वार एपिसोड के दौरान दिवंगत बिग बॉस 13 के विजेता सिद्धार्थ शुक्ला को श्रद्धांजलि दी। बिग बॉस ओटीटी के रविवार का वार में करण जौहर सिद्धार्थ शुक्ला को याद करते हुए काफी भावुक हो गये। उनकी आंखों में आंसू थे और उन्होंने सिद्धार्थ को अपना पसंदीदा व्यक्ति कहते हुए उनके उपल्बधियों को याद किया। उन्होंने बिग बॉस ओटीटी के प्लेटफॉर्म से दर्शकों से कहा कि सिद्धार्थ शुक्ला के निधन की खबर उन्होंने सुनी तो वह सुन्न हो गये थे। वह यकीन नहीं कर पा रहे थे कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। बिग बॉस ओटीटी के मंच पर सिद्धार्थ की बिग बॉस 13 की यादों को मिलाकर एक वीडियो प्ले किया गया, जिसमें उनके कुछ सुनहरे पलों को दिखाया गया था। इस वीडियो को देखकर करण जौहर की आंखों में आंसू आ गये थे। करण जौहर ने रविवार का वार एपिसोड सिद्धार्थ शुक्ला को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि फ्रसिद्धार्थ शुक्ला, एक ऐसा चेहरा, एक ऐसा नाम जो हम सबकी जिंदगी का एक अहम हिसा बन गया था। बिग बॉस परिवार के पसंदीदा सदस्य, जो मेरे ही नहीं बाल्की हमारी इंडस्ट्री के अंगिनत लोगों के दोस्त, अचानक हम सब को छोड के चले गए। उन्होंने आगे कहा कि यह कुछ ऐसा है जिस पर हम सभी को अभी भी विश्वास करना मुश्किल हो रहा है। यह ऐसा है जिसे सुनने के बाद मैं सुन्न हूँ। सिड एक अच्छा बेटा था, एक अच्छा दोस्त था और एक अद्भुत लड़का था। उनके सकारात्मक वाइब और उस मुस्कान ने लाखों दिलों को जीत लिया था। करण ने कहा कि प्रशंसकों का प्यार इस बात का सबूत है कि सिद्धार्थ कितने लोकप्रिय और प्यारे थे। करण ने कहा कि शो को जारी रखने के लिए उन्हें और दर्शकों को काफी ताकत की जरूरत है। इसके बाद शो को आगे बढ़ाया गया।